दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 23 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 512

आवश्यकता

सुपौल, सीतामढ़ी मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483, 6200031466

## संक्षिप्त खबरें ।

### अब पगड़ी खोलेंगे सम्राट चौधरी अधूरा रह जाएगा संकल्प?



लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतार कर अपनी पगड़ी उतारने की कसम खाने वाले सम्राट चौधरी का सीएम बनने का सपना परमानेंटली चकनाचूर हो गया है. लिहाजा अब पगड़ी उतारने की तारीख तय कर ली है. सम्राट चौधरी अयोध्या जा रहे हैं, जहां राम मंदिर में अपना मुंडन करा कर पगड़ी उतारेंगे। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सम्राट चौधरी 2 जुलाई को अयोध्या जा रहे हैं. अयोध्या में वे राम मंदिर में पूजा करने के साथ ही अपना मुंडन करायेंगे और फिर अपनी पगड़ी उतारेंगे. सम्राट चौधरी के करीबियों ने इसकी पुष्टि की है कि वे 2 जुलाई को अयोध्या जा रहे हैं। बता दें कि सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को सीएम की कुर्सी से हटाने के बाद अपनी पगड़ी खोलने की कसम तब खायी थी जब बिहार में जेडीयू और राजद की सरकार थी. लेकिन इसी साल की शुरूआत में नीतीश कुमार ने पाला बदला और बीजेपी के साथ चले आये थे. तब ही सम्राट चौधरी से सवाल पूछा गया था कि नीतीश को सीएम की कुर्सी से हटाने के उनके कसम का क्या हुआ. तब सम्राट चौधरी ने कहा था कि वे पार्टी के लिए अपनी कसम तोड़ रहे हैं और भगवान राम के चरणों में अपने बाल और पगड़ी समर्पित कर देंगे। वैसे भाजपा–जेडीयू के गठबंधन के बाद भी सम्राट चौधरी को उम्मीद थी कि नीतीश कुमार को कुर्सी से बेदखल किया जा सकता है. भाजपा नेताओं का एक बड़ा तबका ये मान रहा था कि लोकसभा चुनाव में बीजपी को बड़ा बहुमत आयेगा और तब बिहार में सत्ता का हिसाब–किताब बदलेगा. लेकिन लोकसभा चुनाव परिणाम ने नीतीश कुमार को और मजबूत कर दिया. अब बीजेपी को केंद्र में अपनी सरकार चलाने के लिए नीतीश कुमार की पार्टी के 12 सांसदों की जरूरत है. लिहाजा बिहार में सत्ता परिवर्तन के ख्वाब टूट गये हैं।

## बिहार में एक और पुल हुआ ध्वस्त पिलर धंसते ही हो गया धड़ाम, तेज आवाज के साथ मचा हड़कंप

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** बिहार में पुल गिरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. बिहार के अररिया जिले में 4 दिन पहले ही करोड़ों की लागत से बन रहा पुल गिर गया था. वहीं अब बिहार के सीवान जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां गंडक नहर पर बना पुल अचानक टूट गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीवान के दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत में पिलर धंसते ही पुल धड़ाम से गिर गया। पुल गिरने से अचानक आई तेज आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया है।

हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. बता दें, यह पुल यह महाराजगंज प्रखंड के पटेढी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ती थी। पुल टूटने से आवागमन बाधित हो गया है।इसका असर हजारों राहगीरों पर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल आज सुबह गिर गया है. लेकिन, ईश्वर की कृपा से कोई हताहत नहीं हुआ. लोगों ने बताया कि इस पुल का निर्माण करीब 40–45 वर्ष पहले हुआ था. पुल का निर्माण स्थानीय लोगों ने चंदा करके बनवाया था. बाद में कुछ सरकारी सहयोग मिला. लोगों का कहना है कि सरकार से हमारी मांग है जल्दी पुल को ठीक करवा दें ताकि जो आवागमन बाधित हो गया है वो चालू हो सके।

बता दें, 3 दिन पहले ही बिहार में करोड़ों की लागत से बना पड़रिया घाट पुल ध्वस्त हो गया था. लोगों के अनुसार पुल के एप्रोच रोड को बनाने और शुरू करने की तैयारी की जा रही थी कि तभी यह हादसा हो गया था. यह पुल बेहद अहम था क?ोंकि इस रास्?ते पर बने पुराने पुल की हालत पहले ही बहुत खराब थी और वह रास्ते से कट चुका है. लेकिन, उद्घाटन से पहले ही पुल टूट जाने से कई ग्रामीण कार्य विभाग पर सवाल उठने लगे हैं. वहीं इस मामले में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने तत्काल प्रभाव से सहायक और कनिष्क अभियंता को सस्?पेंड कर दिया है।

इससे पहले मार्च में सुपौल में केंद्र सरकार की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी भारत माला योजना के तहत कोसी नदी पर बकौर से भेजा घाट पुल का निर्माणाधीन हिस्सा गिरने से 1 मजदूर को मौत और 10 लोग घायल हो गए थे. ये हादसा 22 मार्च की सुबह के 7 बजे तब हुआ था. इससे पहले वर्ष 2023 में 4 जून को भागलपुर के सुल्तानगंज से खगड़िया के अगुवानी गंगा घाट पर बन रहे पुल के पिलर नंबर 10, 11 और 12 व सेगमेंट अचानक गिरकर नदी में बह गए थे. यह पुल 1710 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन पुल बन रहा था।

## चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में EVM में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में EVM में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें हरियाणा–तमिलनाडु की दो–दो सीटें शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की एक–एक सीटें हैं। 8 सीटों में से भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, 3 सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गईं।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में एश्ट में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें एश्ट की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। आयोग अब इन 8 सीटों के 92 पोलिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल हुई EVM की जांच करेगा।

इसके अलावा आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा की 3 विधानसभा सीटों की एश्ट की भी जांच के आदेश दिए हैं। आयोग यहां के 26 पोलिंग स्टेशन पर EVM में गड़बड़ी की जांच करेगा।

राज्य की करनाल और फरीदाबाद सीट की एश्ट चेक कराई जाएगी। करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर एश्ट की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी।

## जमानत मिली फिर कौन से 'टेस्ट' में फंसे केजरीवाल? ईडी ने इसी को बनाया हथियार

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक निचली अदालत ने पीएमएलए केस में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी. पर अगले ही दिन दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी. दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुधीर कुमार जैन की अगुवाई वाली बेंच एऊ की अर्जेंट अपील पर सुनवाई कर रही थी. जिसमें केजरीवाल की जमानत पर स्टे की मांग की गई थी. हाईकोर्ट ने बेल पर स्टे लगाते हुए जजमेंट रिजर्व कर लिया है।

ईडी ने क्यों मांगा स्टे?ः ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए दलील दी की ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देते हुए PMLA के तहत 'ट्विन टेस्ट' फार्मूले को अप्लाई नहीं किया. अगर ट्विन टेस्ट अप्लाई होता तो जमानत नहीं मिलती. हाईकोर्ट ने ईडी की दलील सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी. सोमवार (24 जून) तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है. इसके बाद फैसला सुनाएगा।

### ट्विन टेस्ट की दो शर्तें हैं

1– कोर्ट के पास यह मानने के लिए पर्याप्त आधार होना चाहिए कि प्राथमिक तौर पर आरोपी, संबंधित अपराध का दोषी नहीं पाया जाएगा।

2– आरोपी को यदि जमानत मिलती है तो "उसके जमानत पर रहते हुए भविष्य में इस तरीके के किसी अपराध करने की आशंका नहीं है।

**पीएमएलए में जमानत का क्या प्रावधान?ः** प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) की धारा 45 में जमानत (Bail) से जुड़े प्रावधान हैं. इस धारा में सबसे पहले कहा गया है कि कोई भी अदालत इस कानून के तहत अपराधों के लिए जमानत नहीं दे सकती है. फिर कुछ अपवादों का भी जिक्रहै. धारा 45 के मुताबिक ढटछअ के तहत जेल में बंद आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से पहले कोर्ट को पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (सरकारी वकील) को सुनना अनिवार्य है. इस धारा में कहा गया है कि अगर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर जमानत का विरोध करता है, तो अदालत को ट्विन टेस्ट (twin test) फॉर्मूला अप्लाई करना होगा।

## गाजा में शरणार्थी कैंप पर इजरायली बमबारी हमले में 45 लोगों की मौत, सैकड़ों घायल

लोक तंत्र की आवाज



**गाजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि गाजा में स्वास्थ्य व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो गई है. क्योंकि अल–मवासी सुरक्षित इलाके पर इजरायली हमले में हताहतों की संख्या मध्य गाजा के अल–अक्सा अस्पताल में बढ़ रही है. रॉयटर्स न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को अलग–अलग इजरायली हमलों में कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि राफा शहर के पश्चिम में अल–मवासी क्षेत्र में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले टेंट पर इजरायली हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए, 50 घायल हो गए. जिसे पहले इजरायल द्वारा मानवीय सुरक्षित इलाका घोषित किया गया था. मई के अंत में मावासी शिविर पर इजरायली हमले में 20 से अधिक लोग मारे गए थे।

इजरायली टैंक पश्चिमी राफा में और आगे बढ़ रहे हैं, जबकि युद्धक विमान और तोपखाने शहर पर हमला कर रहे हैं. जहां हमास द्वारा लगाए गए आईईडी द्वारा एक बख्तरबंद वाहन को नष्ट कर दिया गया था. गौरतलब है कि 7 अक्टूबर से गाजा पर इजरायल के युद्ध में कम से कम 37,431 लोग मारे गए हैं और 85,653 घायल हुए हैं. हमास के नेतृत्व वाले हमलों में इजरायल में मरने वालों की संख्या 1,139 है, और दर्जनों लोग अभी भी गाजा में बंदी हैं।

गाजा में अल–मवासी शरणार्थी शिविर पर हमले के गवाहों ने कहा कि इज़रायली टैंक शिविर पर गोलीबारी करने के लिए एक 'पहाड़ी की चोटी पर चढ़ गए थे. लोगों ने बताया कि दो टैंक मवासी की निगरानी कर रहे एक पहाड़ी की चोटी पर चढ़ गए, और उन्होंने गोले बरसाए जो इलाके में विस्थापित गरीब लोगों के तंबुओं पर गिरे. इस हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए और 50 घायल हो गए।

## दिल्ली में इंडिया गठबंधन पर फिर गया 'पानी'! आप के अनशन पर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

### सियासत तेज

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोग बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. दूसरी ओर इसे लेकर सियासत भी जोरों से हो रही है. दिल्ली की जल मंत्री आतिशी मार्लेना ने आरोप लगाया कि हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं दे रही है. वहीं हरियाणा का कहना है कि दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दिया जा रहा है और दिल्ली में पानी की बर्बादी हो रही है. हिमाचल सरकार ने पहले दिल्ली को पानी देने की बात कही थी मगर बाद में वह इससे मुकर गई.

पानी के मुद्दे को सुलझाने के लिए आतिशी ने पीएम नरेंद्र मोदी को खत भी लिखा और शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गई हैं. उनके अनशन को लेकर बीजेपी ने तो तंज किया है, साथ ही कांग्रेस भी पीछे नहीं रही है।

इससे साफ हो गया कि दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच का गठबंधन अब बस कहने के लिए ही बचा है. कांग्रेस अब आम आदमी पार्टी पर बीजेपी की तुलना में कहीं ज्यादा हमलावर है. दिल्ली बीजेपी के प्रवीण शंकर कपूर और कपिल मिश्रा जैसे लोगों ने एक्स पर पोस्ट में आतिशी के अनशन को नौटंकी बताया है. उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे तक आतिशी अनशन स्थल से गायब हैं. वहीं कांग्रेस की अलका लंबा ने भी एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि पानी सत्याग्रह का मंच पूरी तरह से खाली है. सत्याग्रह करने वाले लोग आराम फरमा रहे हैं. देखा जाए तो अलका लम्बा ने आतिशी के धरने को लेकर तंज कस्ते हुए यह एक्स पर इस पोस्ट को शेयर किया है।



**'पानी सत्याग्रह' का मंच खाली :** अलका लांबा ने कहा कि यह दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा जारी 'पानी सत्याग्रह' के मंच की सुबह की तस्वीर है. मंच खाली है और मंत्री गायब हैं, जो पिछले कमरे में सत्याग्रह के नाम पर आराम फरमा रही हैं. जो सत्ता में हैं उन्हें धरना देने की बजाय समस्या का निराकरण करना चाहिए और यदि यह उनके बूते की बात नहीं है तो तत्काल इस्तीफा दें. वहीं दिल्ली बीजेपी ने आतिशी के अनशन को लेकर एक्स पर कहा कि ये कौन सा अनिश्चितकालीन सत्याग्रह है, जहां आतिशी लंच के समय और रात में अउ कमरे में खाने और आराम करने चली गई।आराम करने चली जाती हैं! गजब का घोटाला चल रहा है।

### संजय सिंह का पलटवार

दिल्ली बीजेपी द्वारा एक्स पर आतिशी पर किये गए वार पर संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के लोग एक–एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. वहीं बीजेपी वाले नौटंकी कर रहे हैं. बेवकूफ भाजपाइयों को ये भी नही पता की प्रतिदिन अनशनकारी को डाक्टर जांच करते हैं कुछ भी खाने पर जांच में पता चल जाता है. तुम लोग दिल्ली को पानी तो नहीं दे सकते, कम से कम मोदी से कहकर एक अपना डाक्टर ही भिजवा दो जांच के लिए।

## सरकार आपकी रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष करेगा', नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों पर राहुल का वीडियो संदेश

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि वे इस मुद्दे को निजी तौर पर संसद में उठाएंगे। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए एक वीडियो संदेश में राहुल ने कहा कि अगर सरकार छात्रों की रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष यह काम करेगा।

राहुल गांधी ने यूट्यूब पर साझा वीडियो में कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए विपक्ष सरकार पर दबाव बनाना जारी रखेगा। वीडियो में राहुल की नीट अभ्यर्थियों और उनके माता–पिता से मुलाकात को भी दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराध की वजह से बच्चों का अमूल्य समय बर्बाद हुआ है और परीक्षा की तैयारी में खर्च लाखों रुपये का भी नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं इससे देश के युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि मैं इस अन्याय के खिलाफ उनके साथ खड़ा हूं। कांग्रेस पार्टी पेपर लीक और नकल के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी और छात्रों को न्याय दिलाएगी। राहुल गांधी ने आगे कहा, नीट देने वाले हज़ारों छात्र अपने परिवारों के साथ भयंकर गर्मी में सड़क पर हैं और नरेंद्र मोदी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि इस संघर्ष में सड़क से लेकर संसद तक 'इंडिया' आपके साथ है।

## नियोजित शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी शिक्षा विभाग देने जा रहा है बड़ा तोहफा

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार में जितने भी साक्षमता परीक्षा को पास कर चुके 1.87 लाख नियोजित शिक्षक हैं उनके लिए एक अच्छी खबर देखने को मिल रही है। शिक्षा विभाग की तरफ से बिहार के जितने भी नियोजित शिक्षक हैं उनको अगले महीने बड़ा तोहफा मिलेगा। दरअसल शिक्षा विभाग की तरफ से इन्हें स्कूलों में पोस्टिंग देने के लिए तैयारी शुरू कर दी है विभाग की तरफ से अफसर से ब्यौरा की मांग भी किए हैं। आईए जानते हैं पूरी खबर विस्तार से।




बिहार में 1 लाख 87 हजार नियोजित शिक्षकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। नियोजित शिक्षकों की पोस्टिंग अगले महीने जुलाई में होने वाली है। इसको लेकर शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षकों की काउंसलिंग भी किया जा रहा है। काउंसलिंग में सिस्को के उन सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है जो सफलता परीक्षा में ऑनलाइन फॉर्म भरते समय शिक्षक दिए थे। विभाग के तरफ से सभी जिलों से विद्यालय व शिक्षकों की रिक्तियां 25 जून तक मांगी गई है। रिक्त पद के साथ–साथ विषय वार की भी सूची जानकारी साथ में मांगी गई है। शिक्षकों के पद स्थान के लिए चयनित जिले में विद्यालय आवंटन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन से होगा। शिक्षा विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार राज्य कर्मी बनने के लिए साक्षमता परीक्षा में पास हुए शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए विषय वार स्वीकृत बल, कार्यरत बाल एवं रिक्त पद तथा वर्ग समूह व नामांकित विद्यार्थियों का ब्यौरा ईमेल के जरिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग को उपलब्ध करवाना होगा।

## महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं, अजित पवार को छोड़ेगी भाजपा

लोक तंत्र की आवाज



**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन यानी महायुति के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। महायुति की तीनों पार्टियों भाजपा, शिव सेना और एनसीपी के बीच तनाव बढ़ा है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद तीनों पार्टियां नए सिरे से अपनी पोजिशनिंग में लगी हैं। सबसे खराब स्थिति एनसीपी नेता अजित पवार की है। उनको चुनाव आयोग और स्पीकर ने असली एनसीपी तो बना दिया है लेकिन लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी चार में से सिर्फ एक सीट जीत पाई। उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार बारामती सीट पर सुप्रिया सुले से हार गईं। उसके बाद अजित पवार ने अपनी पत्नी को राज्यसभा भेज दिया। इसे लेकर भी कई सीनियर नेता नाराज हैं। इस बीच राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मुखपत्र 'द ऑर्गेनाइजर' में भाजपा के विचारक रतन शारदा ने अजित पवार की पार्टी से अलायंस को लेकर सवाल उठा दिया। उसके बाद से इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में अजित पवार से ज्यादा फायदे की उम्मीद नहीं है। इसलिए उनको गठबंधन से बाहर भी किया जा सकता है। भाजपा में कई लोग ऐसा मानते हैं कि वे अकेले लड़ेंगे तो शरद पवार का वोट काटेंगे।

असल में भाजपा के समर्थन से ही अजित पवार ने अलग पार्टी बनवाई थी। उसके बाद भाजपा ने उनको उप मुख्यमंत्री बनाया तो पार्टी को उम्मीद थी कि पश्चिमी महाराष्ट्र की 12 लोकसभा और करीब 70 विधानसभा सीटों में फायदा होगा। लेकिन भाजपा को वह फायदा नहीं मिला। पिछले दिनों मंगलवार को दिल्ली में भाजपा की महाराष्ट्र ईकाई की कोर कमेटी की बैठक हुई थी,

## संक्षिप्त खबरें

### फूल बागान चौक सिरदला से 65 लीटर महुआ शराब के साथ दो बाइक समेत दो लोग हुए गिरफ्तार



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।**
सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिरदला फूल बागान चौक से पैसठ लीटर महुआ शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़े गए धंधेबाज की पहचान ग्राम हेमजा देवपाल गांव निवासी ईश्वरी नुनिया के पुत्र 24 वर्षीय विकास कुमार तथा गया जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी जवाहर चौधरी के पुत्र 26 वर्षीय मुन्ना चौधरी बताया गया है। जिसे सिरदला थाना में पदस्थापित पी एस आई विकास कुमार ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना कांड संख्या 237/24 प्राथमिकी दर्ज कर व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### धमौल पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** धमौल पुलिस ने थाना क्षेत्र के धरहरा के टोला दुर्गापुर में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि दुर्गापुर के दाहु चौहान के पुत्र राजो चौहान को गिरफ्तार किया गया है। वह वारंटी था और फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मठ महेशपुर से महिला गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के मठ महेशपुर में छापेमारी कर वारंटी रीता देवी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मठ महेशपुर की रीता देवी को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि वारंटियों और कांडों के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### बिजली चोरी के मामले में तीन लोग पर लगा अर्थदंड

**नारदीगंज(नवादा)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी की। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस बाबत बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने कहा डोहरा गांव में धर्मेंद्र कुमार व कवींद्र कुमार द्वारा वाई पास टोंका लगाकर बिजली उपयोग कर रहे थे। धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध 15 हजार 19 रुपये व कवींद्र कुमार के विरुद्ध 15 हजार 19 रुपये व वलवा पर गांव में रामचंद्र प्रसाद बिना मीटर के बिजली का उपयोग कर रहे थे, उनके विरुद्ध 15 हजार 373 रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

# आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन की अधिकारियों की बैठक, लिए गए कई निर्णय

**बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया**

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**
**नवादा।** आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोशिएशन के तत्वावधान में शनिवार को जिलास्तर पर अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक नवादा प्रेस क्लब के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता नवादा अनुमंडल अध्यक्ष प्रभात दयाल ने किया। उन्होंने कहा कि यह संगठन पत्रकारों के हित में हर लड़ाई लड़ता है। बिना संगठन के कुछ नहीं किया जा सकता। बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। संगठन द्वारा सभी सदस्यों का परिचय पत्र प्रदान करने पर गहन विचार हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन से नहीं जुड़े प्रखंड के संवाददाताओं को अगली बैठक में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर में संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मगध प्रमंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने भी अपनी राय रखते हुए बोले संगठन में सभी को अनुशासित रहना होगा और समय-समय पर इसकी बैठक करते रहें एवं ब्लॉक स्तर पर मजबूत करें, ताकि संगठन का फायदा सभी पत्रकारों को मिल सके। ताकि लोगों को संगठन अधिक जुड़ाव बना रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष



सुनील कुमार यह प्रस्ताव रखा गया कि आगामी जुलाई माह में जिले में राजस्तरीय पत्रकार सम्मान एवं आईकॉन ऑफ बिहार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। जिसको लेकर सभी सम्मानित सदस्यों ने अपना राय-विमर्श दिया। जिला अध्यक्ष ने जिला कमेटी इकाई का गठन किया गया। जिसमे सनोज कुमार संगम जिला उपाध्यक्ष, सन्नी भगत जिला उपाध्यक्ष, अनंत कुमार जिला महासचिव, राजेश कुमार कोषाध्यक्ष, प्रभात दयाल सह- कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता, कृष्ण कुमार चंचल जिला संगठन सचिव, विजय कुमार क़ो जिला संगठन मंत्री ,अनिल शर्मा जिला कार्यालय प्रभारी, गुड्डू सिंह नवादा नगर अध्यक्ष, एवं उपेंद्र राज रजौली अनुमंडल अध्यक्ष ,राकेश राजवंशी क़ो रजौली प्रखंड अध्यक्ष ,कन्हाई चौधरी क़ो गोविंदपुर प्रखंड



अध्यक्ष ,संजय वर्मा क़ो हिसुआ प्रखंड अध्यक्ष ,राकेश कुमार चंदन क़ो नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष ,विवेक कुमार क़ो मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष , अभय कुमार क़ो वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष ,अरविंद कुमार क़ो काशीचक प्रखंड अध्यक्ष ,राकेश कुमार क़ो नरहट प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर अन्य सदस्यों रुप मे संजय वर्मा, अमित बाबू ,राकेश कुमार, अरविंद कुमार, राकेश कुमार चंदन, रंजीत कुमार, मनोज प्रसाद, राकेश कुमार, उपेंद्र राज ,सुमन कुमार चौधरी, चंदन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# योग दिवस पर रोटेरियन एवं इनर व्हील के सदस्यों ने किया योगाभ्यास



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** योग के प्रति जागरूकता फैलाने और उससे होने वाले मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति बढ़ावा देने हेतु 2015 से प्रतिवर्ष योग दिवस 21 जून को पूरे विश्व में मनाया जाता है' प्रतिवर्ष इसमें अधिक से अधिक लोग जुड़ते जा रहे हैं ।दसवीं योग दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ गया द्वारा एक योग का इस कार्यक्रम सेरेमोनिया बैंक्विट के परिसर में आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम में योग गुरु 'तालकेश्वर पाठक ज 'द्वारा योगाभ्यास कराया गया ।इसमें रोटरी क्लब ऑफ मानपुर, रोटरी उरवेला, रोटरी युवा और इनर व्हील के कुल 50 सदस्य शामिल हुए हैं ।इसकार्यक्रम में रोटरी गया की अध्यक्ष द्वारा सभी का स्वागत किया गया तथा उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि सभी क्लबो के सदस्य मिलकर योग अभ्यास करेंगे। शुभ्रा गुप्ता द्वारा 'तालकेश्वर जी 'का परिचय दिया गया ।योग गुरु ने बताया कि योग कई तरह की बीमारियों को जड़ से समाप्त करने बहुत ही सहायक होता है और उससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के लाभ अभ्यर्थियों को मिलता है ।उनके द्वारा कई तरह के स्वांस क्रिया तथा योगासन करवाया गया जो कि शरीर के विभिन्न अंगों के लिए बहुत ही लाभप्रद होते हैं ' कार्यक्रम में रोटरी गया के अध्यक्ष राखी भदानी ,सचिव तृप्ति गुप्ता रोटरी उरवेला के अध्यक्ष राहुल गौतम, रोटरी मानपुर के अध्यक्ष नवीन , रोटरी युवा के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, इनर व्हील गया की सचिव स्मिता पोद्दार रोटेरियन अमिताभ भदानी ,पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, मनीष देव आदि शामिल हुए । कार्यक्रम की समाप्ति जलपान के साथ हुई है।

# सिरदला: पुलिस ने लौन्द के महादेव मठ मोड़ से 70 लीटर महुआ शराब समेत बाइक सवार को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।**
सिरदला पुलिस ने थाना क्षेत्र के लौंन्द गांव स्थित महादेव मठ मोड़ से सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 70 लीटर महुआ शराब के साथ एक बाइक सवार धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान क्षेत्र के पिरौटा गांव निवासी लालमन चौधरी के पुत्र 18 वर्षीय करण कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 239/24 प्राथमिक की दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# कौआकोल में कई पीड़ित परिवारों से मिल विधायक ने जताई संवेदना

लोक तंत्र की आवाज़

**रौशन कुमार सोनू**
**कौआकोल(नवादा )।** गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान ने शनिवार को अपने विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर विभिन्न घटनाओं में मौत के शिकार हुए मृतक के स्वजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। सबसे पहले विधायक प्रखण्ड के मंझिला पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव पहुंचे,जहां अगवा कर हत्या कर दिए गए युवक मोहम्मद सरवर के स्वजनों से मिल उन्हें सांत्वना दिया एवं आर्थिक सहायता प्रदान किये। इसके बाद वे बन्दैली कला में सहदेव यादव की पुत्रवधू की आकस्मिक मौत पर शोक जताते हुए उनके स्वजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। विधायक मोहम्मद कामरान इसके बाद प्रखण्ड के कटनी गांव पहुंचे,जहां वे सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर शहीद नीलेश कुमार के स्वजनों से मिलकर



उन्हें अपना एक माह का वेतन एक लाख रुपये सहायता राशि के रूप में प्रदान किया। विधायक भलुआही गांव भी पहुँचकर ट्रिपल मौत की घटना पर दुःख जताया एवं पुलिस से घटना की तह तक जाकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं विधायक ने करमा गांव पहुंच नवलेश यादव को उसके ससुराल में जहर खिलाकर हत्या कर दिए जाने की घटना पर दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई। विधायक ने कहा कि गोविंदपुर के जनता मालिकों के दुःख-सुख में वे हमेशा साथ हैं। मौके पर प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव,समाजसेवी युवा राजद नेता धीरज राज आदि मौजूद थे।

# हिसुआ : आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष बनें संजय वर्मा, पत्रकारों ने दी बधाई

लोक तंत्र की आवाज़

**हिसुआ (नवादा )।** आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के नवादा जिला इकाई की बैठक नवादा प्रेस भवन में शनिवार क़ो आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवादा अनुमंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ .पंकज कुमार सिन्हा,यशवंत सिन्हा एवं जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ,महासचिव अनंत कुमार के देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जुलाई माह में राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मान सह आईकॉन ऑफ बिहार सम्मान कार्यक्रम की चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हिसुआ प्रखंड के लिए प्रखंड अध्यक्ष संजय वर्मा क़ो मनोनीत किया गया। संजय वर्मा की कर्मठता और संगठन के प्रति रुचि क़ो देखते हुए नवादा जिला कमिटी ने उनको यह जिम्मेदारी दिया है। वहीं जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा संजय वर्मा एक स्वच्छ पत्रकार के साथ -साथ संगठन के लिए जिम्मेवार हैं ,जिसको देखते हुए उन्हें हिसुआ प्रखंड की जिम्मेवारी दिया गया है। प्रखंड अध्यक्ष बनने पर संजय वर्मा ने जिला कमिटी और प्रदेश कमिटी क़ो धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमें जो जिम्मेवारी दिया है ,उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा। मैं पत्रकार और पत्रकार हित के लिए काम करूंगा साथ हीं संगठन द्वारा लिए गए निर्णय पर काम करूंगा। इनके प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकार डॉ .पंकज कुमार सिंहा ,यशवंत सिंहा ,सन्नी भगत ,सुनील कुमार ,कृष्ण कुमार चंचल ,अनंत कुमार ,प्रभात



कुमार ,सनोज कुमार संगम ,राकेश कुमार ,उपेंद्र कुमार ,अनिल शर्मा ,अमन सिंहा इलू ,रंजीत कुमार ,अमृत बाबू ,विजय कुमार ,गुड्डू सिंह ,मनोज यादव ,राजेश चौधरी आदि ने बधाई और शुभकामना दिया है।

# नवादा : नवादा छत से गिरे होमगार्ड जवान की इलाज के क्रम में हुई मौत, परिजनों में कोहराम

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**
**नवादा।** नवादा में लोकसभा चुनाव के दौरान 19 अप्रैल क़ो छत से गिरकर जख्मी हुए होमगार्ड जवान की इलाज के क्रम में शुक्रवार क़ो मौत हो गया . घटना के बाद मृतक होमगार्ड के परिजनों में कोहराम मच गया .बहरहाल मृतक जवान के शव क़ो नवादा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों क़ो सौंप दिया गया है .मौत के बाद परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल है। यह घटना नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के समड़ीगढ़ गांव में हुआ, जहां छत पर से गिरकर एक होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई. मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया. मृतक होमगार्ड



जवान की पहचान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ढेरा गांव निवासी गंगा प्रसाद सिंह के रूप में किया गया है. 19 अप्रैल क़ो छत से गिरा था होमगार्ड जवान : परिजनों ने बताया कि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव करने के लिए ड्यूटी पर गए हुए थे और वह विद्यालय के छत पर से नीचे गिर गए थे. जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. आज शुक्रवार क़ो उनकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है. फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. वहीं घटना के बाद परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल है ।

# मगही साहित्य-संस्कृति के प्रतिबद्ध विभूतियों का समारोहपूर्वक सम्मान संपन्न

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**
**नवादा।** शनिवार को समाजसेवी युगल किशोर मिश्र की पुण्यतिथि पर कोशिश फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में वैसे प्रतिबद्ध विभूतियों को युगल किशोर मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया, जो लोक भाषा मगही और जन सरोकार संस्कृति के संरक्षण के लिए लोग निष्ठापूर्वक संकल्पित हैं। यह राज्य स्तरीय सम्मान समारोह शहर के वार्ड संख्या 05 बुधौल स्थित वीणापाणि उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद,कोशिश फाउंडेशन के अध्यक्ष वीणा कुमारी मिश्रा,वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह,साहित्यकार इतिहासकार पत्रकार डॉ अशोक प्रियदर्शी,फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक विजय कुमार सिन्हा,एसबीआई के एजीएम राजेश चतुर्वेदी,धनंजय चतुर्वेदी ,नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उसके बाद युगलकिशोर मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए अतिथियों और साहित्यकारों श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया वहीं मंच संचालन कवि ओंकार कश्यप ने किया।बेबी कुमारी, पूनम कुमारी ,सुस्मिता कुमारी द्वारा स्वागत गान गाया गया।भजन गायक विनोद मिश्रा, बिरेंद्र सिंह,मुकेश सिंह,सिद्धनाथ त्रिपाठी आदि को भजन अतिथियों को स्वागत किया।कार्यक्रम में वरीय साहित्यकार वीणा कुमारी मिश्रा द्वारा रचित काव्य संकलन अनकही को रागिनी और संपादित कृति यादों के के वो पल का विमोचन मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद ,वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह,इतिहासकार पत्रकार डॉ अशोक




प्रियदर्शी, एसबीआई के एजीएम राजेश चतुर्वेदी, धनंजय चतुर्वेदी, नीरज कुमार, डॉ सुबोध कुमार ने किया।मंच को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मगही भाषा को संरक्षित करने की जरूरत है।उन्होंने मगही भाषा में सभी को संबोधित किया और कहा कि मगही और संस्कृति धरोहर की रक्षा के लिए जो भी प्रशासनिक स्तर मदद चाहिए मैं उसमें आप सभी की मदद करूंगा।आपको मेरे कार्यालय में मुझसे जुड़ा कोई काम हो तो आप आए और मगही में ही अपनी समस्या रखें मैं आपकी मदद हरसंभव करने का प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि नवादा जिला में मुझे दो बार काम करने का अवसर मिला हैं पहला कार्यकाल रजौली में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप और वर्तमान में नवादा के अपर समाहर्ता के रूप में काम करने का अवसर मिला है ।इसके पहले रजौली अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में धरोहर संरक्षण के दिशा में हमने सप्त ऋषि पहाड़ियों में से याज्ञवल्य ऋषि और लोमस ऋषि पहाड़ियों पर अवैध उत्खनन के खिलाफ वहां एकजुट हुए लोगों मदद किया और वह मामला हाईकोर्ट गया जिसके बाद दो ऋषि पहाड़ियों को बचाने का फैसला आया हैं।उन्होंने कहा कि धरोहर संरक्षण के साथ किसी प्रकार खिलवाड़ कोई करेगा तो मैं प्रशासन से इतर आप सबकी मदद करूंगा।रजौली के सप्त ऋषि पहाड़ियों को रामायण सर्किट से जोड़ने के दिशा में भी लोगों को एकजुट होने का संदेश दिया।उन्होंने मगही भाषा को संरक्षित करने के लिए सभी को संकल्प लेने का भी आह्वान किया। कोशिश फाउंडेशन, बुधौल, नवादा की अध्यक्ष वीणा कुमारी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 60 साहित्यकारों, पत्रकारों, गायक-गायिकाओं और ग्राम्यांचलों के पारंपरिक गीतकारों को शॉल ओढ़ाकर और मोमेटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो भाषा और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रदर्शन में निरंतर क्रियाशील हैं।

# नवादा में संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग का शव बरामद ,मची सनसनी

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**
**नवादा।** नवादा में आहर से संदिग्ध अवस्था में एक बुजुर्ग का शव पुलिस ने बरामद किया है . जिसके बाद इलाके सनसनी मच गयी .पुलिस शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है। यह घटना नवादा जिले के थाली थाना क्षेत्र के बाराकुरा गांव की है ,जहां एक आहर से एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव बरामद होते ही इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान बाराकुरा गांव निवासी सोहर यादव के रूप में किया गया है. बहरहाल यह आम मौत है या हत्या, इसकी पुलिस जांच में



जुटी है . परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप : मृतक के परिजनों का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति से जमीन का विवाद चल रहा था. इसी विवाद में सोहर यादव की हत्या की गई है. फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंगेर पुलिस लाइन में पुलिस प्रीमियर क्रिकेट लीग मैच का हुआ आयोजन




**मुंगेर।** पुलिस प्रीमियम लीग मैच में मुंगेर एसपी ऑफिस, मुंगेर पुलिस लाइन, और मुंगेर गोपनीय शाखा की टीम ने भाग लिया इस टूर्नामेंट को लेकर सभी सिपाही और पुलिस पदाधिकारी उत्साहित है. खास तौर पर मुंगेर की एसपी उन्होंने कहा फिजिकल फिटनेस जरूरी है. पिछले 06 महीना त्योहार इलेक्शन परीक्षा इत्यादियों में पुलिस बल व्यस्त रही है. उनकी थकान दूर एवं पदाधिकारी एवं सिपाही के बीच अच्छा तालमेल जरूरी है. उद्घोषक के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता आमीरुल इस्लाम मौजूद थे।

### साहिबगंज : भगवान जगन्नाथ का श्रृंगार दर्शन में उमड़े भीड़



**साहिबगंज ।** शहर के बड़ी धर्मशाला से भगवान जगन्नाथ जी, अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा रथ में सवार होकर आज दोपहर 3 बजे मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए पुरानी साहिबगंज ओझा टोली गंगा घाट पहुंचेगा। वहां गंगा जल, दूध, दही, घी, मधु, फलों के रस से अभिषेक कराया जाएगा। भगवान जगन्नाथ का श्रृंगार दर्शन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। यह कार्यक्रम इस्कॉन कन्हैया स्थान, राजमहल की ओर से किया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा से 2 हफ्ते पहले देव स्नान कराया जाता है। हर साल ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ के साथ ही बलभद्र जी, सुभद्राजी और सूदर्शन जी का भी जलाभिषेक किया जाता है। ज्येष्ठ पूर्णिमा आज है, इसी दिन देव स्नान करवाया जाता है। रथ यात्रा 7 जुलाई को लेकर तैयारियां जोरों पर है

### सोशल मीडियापर हथियार के साथ फोटो वायरल मामले में युवक गिरफ्तार

**बिहपुर।** शुक्रवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर झंडापुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सहोरी गांव में छापेमारी कर हथियार वायरल मामले में स्थानीय निवासी शेखर यादव पिता कापो यादव को गिरफ्तार कर लिया।झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की बीते दिनों उक्त युवक हाथ मे हथियार लेकर लहराने का वीडियो फ़ोटो वायरल हुआ था।सूचना मिलते ही अभियूक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।मामले को लेकर सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर शनिवार के दिन मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।

# बरहरवा : उपायुक्त ने बरहरवा फुटानीमोड कोटालपोखर चेकनाका व प्लस टू हाई स्कूल किया निरीक्षण, दिए विभिन्न दिशा निर्देश

## चेकनाके में माइनिंग की तिथि व समय का बारीकी से करें जाँच : उपायुक्त



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** साहेबगंज जिला उपायुक्त हेमंत सती ने जिला के विभिन्न प्रसाशनिक पदाधिकारियों के साथ बरहरवा थाना क्षेत्र के फुटानीमोड़ चेकनाका का औचक निरीक्षण किया,जिस दौरान उन्होंने चेकनाके में मौजूद लॉगबुक सीसीटीवी कैमरों सहित आवागमन की जानकारी लेते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि चेकनाके से परिचालित होने वाले सभी वाहनो का बारीकी से जाँच पड़ताल करें मौजूद माइनिंग से वाहन संख्या के साथ साथ समय का भी मिलान करें, अगर माईनिंग में अंकित समय से अगर तीन चार घंटे के बाद भी वाहन इसी इलाके में है। तो तुरंत कार्यवाही करें।उन्होंने चेकनाके में मौजूद सिसिटीवी सम्बंधित किसी उपकरण में समस्या हो रही हो तो उसे तुरन्त बदलने के निर्देश भी दिए है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि चेकनाके के आस-पास के छोटे छोटे रास्तों से वाहनो का परिचालन अवैध रूप आए कराया जा रहा है तो जानकारी तुरन्त पदाधिकारी को सूचित करें उस पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी, साथ ही श्री सती ने फुटानीमोड चेकनाके के आस पास के इलाके की जाँच पड़ताल करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक हो तो गेट थोड़ा पीछे विस्थापित करने के निर्देश भी दिए है। उपायुक्त ने कोटालपोखर थाना क्षेत्र के रहीमटांड़ चेकनाका, + टू हाई स्कूल कोटालपोखर का औचक निरीक्षण किया साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने बरहरवा चेकनाके का निरीक्षण करने के बाद कोटालपोखर रहीम टांड चेकनाके का भी औचक निरीक्षण किया उन्होंने चेकनाके में प्रत्येक वाहनो की पासिंग के दौरान बारीकी से माइनिंग की जाँच करने ,माइनिंग तिथि एवं समय का निरन्तर मोनिटरिंग करने एवं सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे संचालित करने का निर्देश दिए है, उन्होंने कहा कि चेकनाके को लेकर विभिन्न प्रकार की शिकायतें मिलती रहती है किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में किसी की भी संलिप्ता सामने आती है तो कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगीं।तत्पश्चात उन्होंने कोटालपोखर प्लस टू हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की साफ सफाई एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का ध्यान रखते हुए मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को प्लस टू हाई स्कूल को टेकअप करने के भी करने के निर्देष दिये है।मौके पर साहेबगज जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास, बरहरवा अंचलाधिकारी संजय कुमार शुक्ला, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ उपस्थित थे।

# परेशानी का सामना: जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते गांवों में लगी सोलर लाइट हुईं खराब



लोक तंत्र की आवाज

**सुपौल।** गांव की अंधेरी गलियों को जगमगाने के उद्देश्य से स्टिक लाइट सोलर लाइट लगवाई गई थी,लेकिन जिले के त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र के मानगंज पश्चिम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाने की नाम पर सरकारी राशि की मुखिया और पंचायत सचिव के बंदरबांट हों गई है, 15 वें वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं से लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट व एलईडी स्ट्रीट लाइट योजना में भारी अनियमितता देखनो को मिला है, पंचायतों में लगी सोलर व एलईडी स्ट्रीट लाइट जलने के साथ ही अधिक लाइट खराब है । ग्रामीणों का कहना है कि दो से ढाई हजार तक का स्ट्रीट लाइट लगाया गया है जबकि प्रत्येक स्ट्रीट लाइट पर 8 से 9 हजार के आसपास राशि उठाव किया गया है पंचायतों में कुछ ही दिनों में उसकी रोशनी गायब हो गई। घटिया क्वालिटी की स्ट्रीट लाइट लगवा दी गई है, जिससे अधिकतर लाइट खराब पड़े हुए है, पंचायतों में मुखिया द्वारा वित्तीय शक्ति का गलत उपयोग कर वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक कीमत में स्ट्रीट लाइट लगायी गई है, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कौशल कुमार से स्ट्रीट लाइटों की जांच कराने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है उन्होंने कहा पंचायतों में मुखिया दिनेश सरदार एवं पंचायत सचिव द्वारा विभाग को अंधेरे में रखकर अपने स्तर से मनमानी कर लाइट लगाई गई जो लगने के साथ अधिक लाइट खराब हो गई है, घटिया स्ट्रीट लाइट लगा दिए जाने के चलते वह कुछ माह बाद ही खराब होना शुरू हो गए। मौजूदा समय में स्थिति यह कि अधिकतर खंभों के लाइट नहीं जल रहे हैं। इससे लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी उसका कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है।

## बिहपुर के प्रसिद्ध मां वाम काली मंदिर के समीप हाईमास्क लाईट लगेगा



लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर।** शनिवार को यह जानकारी देते हए जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया मनोज लाल व नवगछिया भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ज्ञानदेव मोदी ने बताया कि शुक्रवार को बिहपुर पहुंचने पर ग्रामीणों की मांग पर सांसद अजय कुमार मंडल ने कहा कि दो माह के अंदर उक्त जगह पर हाईमास्क लाईट लग जाएगा।इस मौके पर विधायक ई.शैलेंद्र समेत बिहपुर, नारायणपुर व खरीक प्रखंड समेत पुलिस जिला एनडीए घटक दल के लगभग सभी जिला से लेकर प्रखंडस्तरीय नेता समेत कई पंचायतों के मुखिया व सरपंच आदि भी मौजूद थे।वहीं सांसद ने बिहपुर बाजार में पैदल घूम घूमकर व्यवसायियों से भेंटकर उनसे बात भी किया।

# बीजेपी विधायक साधेंगी मेडल के लिए निशाना, पेरिस ओलिंपिक में श्रेयसी सिंह दिखाएंगी अपना दमखम

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**

**जमुई /मुंगेर।** राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन श्रेयसी सिंह अब पेरिस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहां श्रेयसी सिंह शॉटगन ट्रैप वूमेन स्पर्धा में निशाना साधेंगी। शुक्रवार को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ठफ्अक) ने पेरिस 2024 ओलिंपिक के लिए भारतीय शूटिंग टीम में उनका चयन किया। दरअसल, मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय ट्रायल में सफलता हासिल की। इसके बाद ठफ्अक ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल कोटा को महिला ट्रैप में बदलने का अनुरोध किया। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन ने पेरिस 2024 कोटा स्वैप के लिए ठफ्अक के इस अनुरोध को मंजूरी दे दी। इससे पिस्टल स्पर्धा में कोटा खाली हो गया और श्रेयसी को यह मौका मिला। जमुई से बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में शॉटगन ट्रैप वूमेन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

**2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत चुकी हैं श्रेयसी सिंह:** श्रेयसी सिंह के लिए यह पहला ओलिंपिक होगा। 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा वह 2014 के इंचियोन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय डबल ट्रैप टीम का भी हिस्सा थीं।



**भारतीय निशानेबाजी दल में हुए 21 सदस्य:** श्रेयसी के शामिल होने से पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल में 21 सदस्य हो गए हैं। यह ओलिंपिक में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल होगा। इससे पहले टोक्यो ओलिंपिक में भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। पेरिस ओलिंपिक में शूटिंग स्पर्धाएं 27 जुलाई से 5 अगस्त तक चेटौरॉक्स शूटिंग सेंटर में आयोजित की जाएंगी। श्रेयसी 30 और 31 जुलाई को महिला ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी। बिहार से श्रेयसी पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिनका ओलिंपिक के लिए चयन हुआ है।

**जमुई से बीजेपी की विधायक हैं श्रेयसी सिंह:** वर्तमान में वह जमुई सदर से बीजेपी विधायक हैं। उनके पिता स्वर्गीय दिग्विजय सिंह केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उनकी माता पुतुल देवी बांका से लोकसभा सांसद रह चुकी हैं।

# मड़ियां छपरा की टीम ने रुदनगर को टीम को 38 रनों से हराया, प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर मड़ियां छपरा व रुदनगर की टीम फाइनल में पहुंची

लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर/आरा।** स्थानीय जगदीशपुर प्रखंड के महुरहीं गांव के खेल मैदान में सीमित ओवरों का क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ। टूर्नामेंट में बचरी, संगम टोला, हरिगांव, जगदीशपुर, नवादा बेन, रुदनगर ( बनाहीं ), मड़ियां छपरा रकटु टोला, शाहपुर सहित विभिन्न जगहों के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। नॉक आउट के तर्ज पर लीग मैचों के हुए मुकाबलों के बाद चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। पहला सेमीफाइनल मैच बचरी और मड़ियां छपरा और दूसरा सेमीफाइनल शाहपुर व रुदनगर की टीमों के बीच खेला गया। अंततः सेमीफाइनल में चार टीमें पहुंची। अपने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर मड़ियां छपरा व रुदनगर की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबले में रुदनगर टीम के कप्तान अंकित कुमार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित आठ ओवरों में मड़ियां छपरा टीम ने 7 विकेटों के नुकसान पर 159 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुदनगर की टीम मैच के आरंभ से ही पिछड़ी नजर आई। टीम के बल्लेबाज निर्धारित ओवरों की समाप्ति तक 4 विकेट खोकर 121 रन ही बना पाए। इस तरह मड़ियां छपरा की टीम ने फाइनल मुकाबला जीत ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। टूर्नामेंट में ओवरऑल प्रदर्शन के लिए रुदनगर टीम के खिलाड़ी अमृत कुमार को मैन ऑफ द सीरीज व फाइनल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले रुदनगर टीम के ही खिलाड़ी लड्डुन कुमार को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महुरहीं पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार सहित भैया लाल यादव व रामपुलिस यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया।



टूर्नामेंट के सफल आयोजन में महुरहीं गांव के एमसीसी क्रिकेट क्लब के विक्की बॉस, हरिशंकर कुमार यादव, चंदन कुमार, ऋषि कुमार यादव, पयहारी जी, डॉ. मोहन कुमार, रौशन कुमार सहित एमसीसी क्लब के अन्य खिलाड़ियों व स्थानीय ग्रामीणों का अहम योगदान रहा। टूर्नामेंट के सभी मैचों में प्रियेश कुमार ने शानदार कमेंट्री कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम किया गया आयोजित




लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय।**

**पीरपैंती।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को टैगोर स्कूल बाराहाट के प्रांगण में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी और भारत स्काउट और गाइड के नेतृत्व में सैकड़ो योग प्रेमियों ने शारीरिक मानसिक योगा कर आनंद लिया' योग दिवस का शुभारंभ दुमका से आई बीके रेखा दीदी बीके मौसमी दीदी ,बीके लीला दीदी ,जग्गू चनानी , चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सहीम इकबाल, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद ,योग शिक्षक संजय पोद्दार एवं योग शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया' दुमका से आई बीके रेखा बहन ने क्षेत्रीय योग प्रशिक्षक को किया सम्मानित' सम्मान प्राप्त करने वाले भावना देवी, कल्पना देवी ,रीना देवी, संजय पोद्दार विश्वनाथ गोस्वामी, पवन तांती, मुकेश आजाद, ललित गुप्ता, दिनेश मंडल, उमाशंकर राणा ,डॉ योगेश कौशल, मिनी, जूही , डेजी और डॉक्टर सहीम इकबाल को किया गया सम्मानित। चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी योग कर रहे लोगों को योग पुस्तक देकर किया सम्मानित और विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई।

# जमुई : बीच सड़क पर चाकू घोंपकर पत्नी को मार डाला, महिला चीखती रही लेकिन पति का नहीं पसीजा दिल

लोकतंत्र की आवाज

**जमुई/ मुंगेर।** बिहार के जमुई टाउन थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास एक सनकी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से कई बार वार किए. जिसके बाद अस्पताल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई है. महिला को गंभीर हालत में सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया था. जहां पटना ले जाने के दौरान लखीसराय के पास उसकी मौत हो गई. मृतका की पहचान कल्याणपुर निवासी किशोर सिन्हा की पुत्री सोनल सिन्हा के रूप में की गई है.3 साल पहले की लव मैरिजः बताया जा रहा है कि सोनल सिन्हा ने 3 साल पहले अपने परिवार के खिलाफ जाकर, पड़ोस के ही रहने वाले भारत राम के पुत्र कुंदन राम के साथ लव मैरिज की थी. शादी के बाद उसे एक बच्चा भी हुआ था. वहीं उसके बाद दोनों के बीच कई महीनो से विवाद चल रहा था. शनिवार की सुबह महिला अपनी बहन के साथ पूजा करने के लिए महाराजगंज से शिव मंदिर के पास गई थी.बच्चों को लेकर हुआ विवादः मौके पर मौजूद सोनल के साथ उसकी बहन ने बताया कि जब वो पूजा कर वापस अपने बच्चों के साथ घर लौट रही थी. उसी समय बजरंगबली मंदिर के पास पहले से घात लगाए उसकी बहन का पति वहां आ गया. कुंदन राम उसकी बहन से अपने बच्चे को देने के लिए कहना लगा. जिस पर सोनल ने कहा कि बच्चा चाहिए तो वो कोर्ट जाए. ये



बात उसके पति को अच्छी नहीं लगी और उसने सोलन पर चाकू से लगातार हमला कर दिया. मृतका की बहन ने बताया कि मैं और मेरी बहन मंदिर गए थे. वहां से लौटने के दौरान उसका पति रास्ते में आ गया और बच्चे को देने की मांग करने लगा. मेरी बहन ने बोली बच्चा लेना है तो कोर्ट जाए, जिस पर उसने चाकू से मेरी बहन पर हमला कर दिया. जिसकी इलाज के दौरान पटना ले जाने के समय मौत हो गई. दनों ने 3 साल पहले लव मैरिज की थी. उसका पति हमेशा उसके साथ मारपीट करता था।

**रास्ते में हुई महिला की मौत:** महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया. पटना ले जाने के दौरान लखीसराय के पास उसकी मौत हो गई. इधर घटना की जानकारी के बाद टाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है. टाउन थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि ₹एक महिला को उसके पति के द्वारा चाकू मार कर घायल करने की जानकारी मिली. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. महिला को अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई है।

# सांसद अजय मंडल सलेमपुर पंचायत के वार्ड 3 में तीन चापा कल की अनुसंसा

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** भागलपुर का सांसद अजय कुमार मंडल ने पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में , तीन चापा कल लगाने की अनुशंसा विभाग से की ।सलेमपुर वार्ड नंबर 3 की जनता लगातार सांसद से चापा लगवाने की मांग कर रही थी, क्योंकि वार्ड 3 में पानी का भयंकर समस्या है ।लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। सांसद ने संवाददाता को बताया कि पूरे पंचायत में किसी भी व्यक्ति या व्यक्ति समूह का किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो सीधा सांसद महोदय से बात करें ।उनके कामों शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। बिहार राज्य मुखिया संघ के उपाध्यक्ष झुंपा सिंह ने जन सेवा के लिए सांसद महोदय को शुभकामनाएं, बधाई दी है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### जूही कौशिक को योग वीर सम्मान से सम्मानित किया गया



रिपोर्ट मुकेश सिंह
नजीबाबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत योग शिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य कर रही योग शिक्षिका जूही कौशिक को अंग वस्त्र पहनाकर, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर योग वीर सम्मान से सम्मानित किया गया। योग शिक्षिका जूही कौशिक ने योगा की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। योग से तमाम प्रकार की बीमारियां दूर होती हैं। ऐसे में हम सभी को नियमित योग करना चाहिए। तथा उन्होंने इस मान सम्मान के लिए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखने के साथ की थी। जिसके बाद से हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि हजो करते हैं योग, उन्हें नहीं छूता कोई भी रोग।ह्न भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का योग सबसे आसान तरीका है। रहे।इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा थीम– योगा एट होम, योग विथ फैमिली फैमिली, योगा इन पब्लिक, स्वयं के लिए योग प्रशंसा प्रमाण पत्र भी बाटे गये। प्रशंसा प्रमाण पत्र पाने वालों में भोले सिंह, शैली गर्ग, मानसी गुप्ता, प्रिया प्रजापति, शिवांशी अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रकृति अग्रवाल, तनु गोयल, रितु अग्रवाल, नंदिनी, बागीशा रस्तोगी, सुनैना, दामिनी, आकांक्षा, सौरभ, सृष्टि, स्नेहा कुशवाह, अनमोल, राजवीर सिंह, पारुल दक्ष, चारु, मीना, अजय गर्ग आदि रहे। इस दौरान संजय अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, सौरभ कश्यप, नूरुल सैफी, डॉ० संजय, प्रतिभा, अंजू वर्मा, नीलम, दीपिका, दीपा, जय, रुखसाना आदि लोग मौजूद ।

### बिजनौर सीवर टैंक में गिरने से चार साल की मासूम बच्ची मौत

रिपोर्ट जसवीर सिंह

चांदपुर। के ग्राम धीवरपुरा में शौचालय के गड्ढे में पैर फिसलने से एक 4 वर्ष के बच्चे की मौत बताया जा रहा है कि जमीरउद्दीन की 4 वर्ष की पुत्री माहिरा दोपहर के समय अपने घर के बाहर खेल रही थी जमीरउद्दीन ने शौचालय के लिए एक गड्ढा करवाया था गड्ढे में पानी भरा हुआ था अचानक खेलते खेलते 4 वर्ष के बच्चे का पैर शौचालय में भरापानी में फिसल गया जिससे बच्ची उसमें डूब गई और उसकी मौत हो गई काफी देर इंतजार करने के बाद परिजनों ने बच्ची को तलाश करा तो उन्हें 2 घंटे बाद बच्चे का सब अपने घर के आंगन में बने शौचालय के गड्ढे में तैरता मिला परिजन अन्न फानन में निजी चिकित्सक के पास बच्चे को ले गए जहां बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया परिजनों का रो रो का बुरा हाल है घटना 22,6,24 दोपहर की है ।

### कम किराए में बेहतर सुविधा गरीब रथ एक्सप्रेस

रत्ना
लखनऊ। गरीब रथ एक्सप्रेस कम किराए में हाईफाई सुविधा, और आरामदायक होगा वाराणसी गरीब रथ का सफर, होंगे ये बदलाव आनंद विहार–वाराणसी गरीब रथ एक्सप्रेस का सफर अब और आरामदायक होने वाला है। इस ट्रेन की पुरानी बोगियों को हटाकर लिंक हाफमैन बुश (एलएचबी) तकनीक वाली बोगियां लगेंगी। इससे ट्रेन में सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। इससे ज्यादा यात्री एक बारी में सफर कर सकेंगे। अच्छी खबर यह है कि रेलवे रैक बदलने पर किसी तरह का किराया नहीं बढ़ाएगा। ट्रेन नंबर 22541/22542 आनंद विहार–वाराणसी गरीब रथ एक्सप्रेस में सात जुलाई से वाराणसी और आठ जुलाई से आनंद विहार से एसी थर्ड इकोनोमी बोगियों वाला एलएचबी रेक लगेगा। अब इस ट्रेन में एसी थर्ड इकोनोमी की 20 और जनरेटर की दो बोगियां होंगी। इस समय गरीब रथ एक्सप्रेस में एसी थर्ड की 12 बोगियां ही होती हैं। एलएचबी बोगियों में पैर से संचालित पानी की टोटियां, मोबाइल फोन रखने की सुविधा, मुड़ने वाला टेबल, दिव्यांग के लिए शौचालय सीसी कैमरा और फायर स्मोक डिटेक्टर जैसी सुविधा भी होंगी ।

# लखनऊ :प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों में होगी कड़ी कार्रवाई, बन रहा है सख्त कानून; सीएम योगी ने दिए आदेश

लोक तंत्र की आवाज

**राज्य सरकार नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए और सख्त कानून भी बना रही है**



रत्ना
**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नकलचियों व साल्वर गिरोह को कठोर सजा दिलाने के लिए नए कानून का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया है। साल्वर गिरोह के सदस्यों से वसूली के लिए विशेष प्राविधान करने की भी तैयारी है। साल्वर गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अनिवार्य रूप से कार्रवाई होगी। ताकि पेपर लीक कराने वाले जल्द सलाखों से बाहर न आ सकें। राज्य ब्यूरो, लखनऊ। राज्य सरकार नकल विहीन प्रतियोगी परीक्षाएं संपन्न कराने का नया शासनादेश जारी करने के साथ ही नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए और सख्त कानून भी बना रही है। गृह विभाग नए कानून का मसौदा तैयार करा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी के मामलों में बार–बार पकड़े जाने वाले आरोपितों के लिए आजीवन कारावास की सजा तक का प्राविधान कराये जाने की तैयारी है। गैंगस्टर एक्ट के तहत अनिवार्य रूप से कार्रवाई होगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नकलचियों व साल्वर गिरोह को कठोर सजा दिलाने के लिए नए कानून का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया है। साल्वर गिरोह के सदस्यों से वसूली के लिए विशेष प्राविधान करने की भी तैयारी है। साल्वर गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अनिवार्य रूप से कार्रवाई होगी। पेपर लीक कराने वाले जल्द सलाखों से बाहर न आ सकें, इसके लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम में कुछ बड़े बदलाव भी हो सकते हैं। माना जा रहा है कि राज्य सरकार जुलाई में प्रस्तावित विधान मंडल सत्र में संबंधित नए कानून को पारित कराकर राज्यपाल की मंजूरी लेकर लागू कर देगी।दो बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से उठे थे बड़े सवाल प्रदेश में कई भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले सामने आ चुके हैं। विशेषकर सिपाही भर्ती और समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद पूरी प्रणाली को लेकर सवाल खड़े हुए थे। लाखों अभ्यर्थियों की कड़ी मेहनत पर पानी फिरने के साथ ही परीक्षा संचालित कराने वाली संस्थाएं भी कठघरे में रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए फुलप्रूफ परीक्षा कराने के लिए नए सिरे से व्यवस्था करने के साथ ही कानून बनाने के निर्देश दिए थे। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 48 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। लोकसभा चुनाव से पहले भर्ती के लिए 18 व 19 फरवरी को हुई लिखित परीक्षा का पेपर लीक हो गया था।

## बिजनौर बिजली विभाग के खिलाफ जलीलपुर क्षेत्र के किसानों ने दिया बिजली घर पर धरना



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राकेश कुमार
**चांदपुर ।** बिजली विभाग के खिलाफ जलीलपुर बिजली घर पर धरना दिया चांदपुर जनपद बिजनौर के तहसील चांदपुर के ग्राम ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के गांव बलिया नंगली नईपुरा बरखेड़ा राजपुर परसों के ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह लगभग 9:00 बजे से 33 11 विद्युत उपकेंद्र जलीलपुर पर गांधोर फीडर को छोटा करने जर्जर लाइन को सही करने एवं तीसरे दिन मिल रही बिजली को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने के बाद के अनुसार गौर किदार पर भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए दोपहर लगभग 1:00 बजे चांदपुर एसडीओ शोभित यादव किसानों के बीच पहुंचे और किसने की समस्याओं को चुनाव किसने की मांग पर जर्जर लाइन को जरूर सेट करने और टूटे हुए बिजली के खंभों को स्थान पर नए खंबे लगाने के लिए जलीलपुर बिजली घर पर टेनेट मनोज शर्मा को आदेश जारी किया किसानों ने अपनी मांग पूरी होने पर धरना समाप्त कर दिया धरना देने वादे में राजीव कुमार जसवंत सिंह गुरनाम सिंह मनदीप सिंह साजिद ग्राम प्रधान बेलखेड़ा दीदार सिंह लखविंदर सिंह पूर्व प्रधान बलिया नंगली को जोगिंदर सिंह जगतार सिंह आज्ञाकारी सिंह आज ग्रामीण मौजूद रहे ।

## स्कार्पियो से 4224 शीशी अर्जिनिया अवैध शराब बरामद




लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** सर्विलांस/स्वाट टीम बलिया, थाना चितबड़ागांव व आबकारी बलिया की संयुक्त कार्यवाही में एक स्कार्पियो से 4224 शीशी अर्जिनिया अवैध शराब बरामद किया गया है। वहीं एक तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस के अनुसार शराब की कुल कीमत लगभग पांच लाख रूपये बतायी जा रही है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। शुक्रवार को सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव मय हमराह, थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार चौधरी मय हमराह व आबकारी निरीक्षक विनय कुमार, आबकारी निरीक्षक संदीप यादव मय हमराह, औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ल द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण विक्री पर अंकुश लगाये जाने के निर्देशन में रोकथाम जुर्म जरायम अपराध व अपराधियो पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यावाही हेतु क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर चांदनाला पुलिया के पास से एक अभियुक्त रमेश खरवार पुत्र स्व. केशव खरवार निवासी वार्ड 06 पटेल नगर कस्बा व थाना चितबड़ागांव जनपद बलिया गिरफ्तारी की गयी। अभियुक्त के कब्जे से एक स्कार्पियो में 28 पेटी व 08 बोरे में 4224 शीशी कुल 845 लीटर आर्जिनिया अवैध शराब बरामद हुआ।

## 4 बिजनौर शनिवार 22 जून, 2024 प्रयाण सवेरा अवैध रूप से बुकिंग खिड़की पर टिकट बेचते रंगे हाथों पकड़ा प्राइवेट युवक नगीना रेलवे स्टेशन पर रेलवे सतर्कता विभाग ने छापामार कर पकड़ी अनियमितता

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नगीना ।** रेलवे सतर्कता विभाग (विजिलेंस टीम) ने शिकायत के आधार पर रेलवे स्टेशन के बुकिंग कायर्यालय पर छापामार कार्यवाही कर अनेक अनियमितता पकड़ी एवं एक प्राइवेट युवक को टिकट खिड़की से टिकट बेचते रंगे हाथों पकड़ा जिसे आरपीएफ धामपुर को मुकदमा लिखवा कर सौंप दिया। सतर्कता विभाग उत्तर रेलवे बड़ोदरा हाउस दिल्ली की दो सदस्य एक टीम शिकायत के आधार पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे करीब रेलवे स्टेशन नगीना पहुंची और बार–बार टिकट खरीदने के लिए लाइन में लगे और रेलवे टिकट अधीक्षक (वाणिज्य अधिकारी) जीशान टिकट बुकिंग को फोटो और वीडियो ग्राफी की जैसे ही 2 बजने में कुछ समय था इस समय प्राइवेट मुक्क उमर फारूक नगीना को शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई नगीना। रेलवे बुकिंग खिड़की पर दो कर्मचारी टिकट बेचने के लिए तैनात है लेकिन उन्हें रेल यात्रियों को टिकट बेचते बहुत कम देखा जाता है. कारण यही है कि विभागीय वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी द्वारा प्राइवेट युवकों से अवैध रूप से बुकिंग खिड़की पर रेल यात्रियों को टिकट बिकवाना है। जिसकी शिकायत रेलवे अधिकारी मुरादाबाद से बराबर की जाती रही है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां आए दिन टिकट को लेकर रेल यात्रियों से प्राइवेट युवक की कहा सुनी होती रही है।टिकट बुकिंग पर टिकट बेचते रंगे हाथों विजिलेंस की टीम ने पकड़ लिया। उमर फारुक को अपनी हिरासत में लेने के बाद टिकट बुकिंग कार्यालय पहुंच कर टिकट वितरण की गंभीरता से जांच की। बताया जा रहा है कि लगातार 5 घंटे चली जांच में टिकिट वितरण के कार्य के साथ साथ टिकट मूल्य के कैश में भी भारी गड़बड़ी पकी गई और कैश कम पाया गया। सतर्कता विभाग की टीम ने बुकिंग आफिस में अवैध व प्राईवेट रुप से कार्य करने वाले एक युवक उमर फारुक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज व चालान कर आर पी एफ धामपुर को सौंप दिया। उधर विजिलेंस की टीम ने बताया कि बुकिंग आफिस के मुख्य अधिकारी जिशान अली के विरुद्ध विभागीय जांच के लिये रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से बुकिंग खिड़की पर टिकट बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया प्राइवेट युवक उपर फारूक को धामपुर से आरपीएफ बुलाकर सीप दिया है। पकड़े गए युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

# बलिया :प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरूआरबारी के ओ पी डी सहित अधिकांश भवन जर्जर..........

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**सुखपुरा(बलिया)।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरूआरबारी के ओ पी डी सहित अधिकांश भवन जर्जर हो गए है। भवनों के जिर्णोद्धार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत दिनों लगभग 32 लख रुपए के करीब धन आया था। जिसका किसी कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा मरम्मत और रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार द्वारा लीपा पोती कर सरकारी धन का दोहन करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण यह है, कि अभी कार्य पूर्ण भी नहीं हुआ है, लेकिन पीछे से किए गए कार्यों का पोल खुलता दिखाई दे रहा है। जिसका प्रमाण यह है कि अस्पताल परिसर में लगाए गए टाइल्स उखड़ने शुरू हो गए हैं। प्लास्टर की गई दीवाल पर से प्लास्टर गिरने शुरू हो रहे हैं। वही जगह–जगह टाइल्स के निचे एयर हो जाने की वजह से धब धब के आवाज आने से टाईल्स अब जगह जगह टूटने लगे हैं।यही नहीं अस्पताल परिसर के बाउंड्री के लिए ईटों की सबसे निचली क्वालिटी का जमकर प्रयोग किया गया है।वह भी अभी पूर्ण नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरूआरबारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अस्पतालों के जीर्णोद्धार के लिए जनपद में लगभग तीन अस्पतालों के लिए 96 लाख से अधिक रुपए आए थे।जिसमें बेरूआरबारी और जनपद के दो अन्य अस्पताल शामिल थे।इसी के क्रम में अस्पताल का जिर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ क्षेत्रीय लोगों में कार्य शुरू होने से खुशी का माहौल व्याप्त था। लेकिन ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे दोयम दर्जे और मानक के विपरित कार्य को देखते हुए स्थानीय लोगों और अस्पताल कर्मियों में काफी निराशा का माहौल है।लोगों ने बताया कि बीते दिनों ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा ही मानक के अनुसार कार्य न करने पर कार्य को रोका गया था। लेकिन पता नहीं किन कारणों से कार्य फिर से प्रारंभ हो गया ।और ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए सरकार द्वारा दिए गए धन का दोहन करने का कार्य करता जा रहा है। इस संदर्भ में जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय पति द्विवेदी से बात करने पर उन्होंने बताया कि कार्य अभी प्रगति पर है। और अगर कार्य में कोई भी गड़बड़ी आती है। तो उसका जिम्मेदार कार्यदाई संस्था होगी। और पुनः इसका निर्माण कराएगी ।हमारी नजर कार्य पर बनी हुई है। टाइल्स उखड़े हैं, तो कार्यदाई संस्था की जिम्मेदारी है।कि वह उसको ठीक ढंग से लगाकर कार्य पूर्ण कर ही कहीं जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: मेगा शिविर में किए गए योगासन

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
**नगीना।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हिन्दू इंटर कॉलेज में आयोजित सरकारी मेगा योग शिविर में सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, आम जनता तथा महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के योगासन किए। मेगा योग शिविर को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी नगीना अवनीश त्यागी ने कहा कि योग से शरीर निरोग रहता है और दिन भर स्फूर्ति बनी रहती है। इसलिए सभी लोगों को रोजाना नियमित रूप से योग करना चाहिए। हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान सहित परिषदीय विद्यालयों, वैदिक कन्या इंटर काले व समाज सेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान में शुक्रवार की सुबह सात बजे से आयोजित मेगा योग शिविर में उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी, तहसीलदार संतोष यादव, एसडीएम के ओएसडी योगेश कुमार, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, स्वास्थ्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक मदन पाल सिंह, तलत अहमद, मुनीर जैदी, मौहमद असलम, विनोद कुमार, हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, उप प्रधानाचार्य रनवीर सिंह, धीरज कुमार, नगर पालिका के सभासद संजीव दत्त शर्मा उर्फ गोपाल शर्मा समेत समेत सैकड़ों नागरिकों, महिलाओं, बच्चों ने एक घंटा से अधिक समय तक विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम किए। योगा ट्रेनर हिन्दू इंटर कॉलेज के सेवानिवृत प्रवक्ता प्रशांत त्यागी ने योगासन कराएं। परिषदीय विद्यालयों के संकुल प्रभारी मनीष राणा, प्रधानाध्यापक संजीव गुप्ता, सलीम जावेद, निशाकर, सबीहा शहनाज, मीनाक्षी कपूर, हुमा नाज आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने अपने विद्यालयों में योगाभ्यास किया। योग शिक्षिका अंतरा शर्मा के नेतृत्व में नवीन बिश्नोई मंदिर तथा दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में दर्जनों महिलाओं को योगासन व प्राणायाम करायें। योगाभ्यास शिविर में कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरिता बिश्नोई, जरीना खान, निगात शमसी, प्रतिभा बिश्नोई, रेखा बिश्नोई, सविता बिश्नोई, अंजना व शालिनी बिश्नोई आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा व नवीन बिश्नोई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार बिश्नोई आदि का विशेष सहयोग रहा।

## युवक ने युवती से विवाह करने से इनकार कर दिया

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया ।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के हुसेनाबाद के युवक और सुखपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के बीच मुंबई में हुए प्रेम प्रसंग में तब नया मोड़ आ गया, जब युवक ने युवती से विवाह करने से इनकार कर दिया। उधर, युवती ने युवक से विवाह को लेकर गुरुवार को ही अपर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली बुला कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में युवती की शिकायत पर कोतवाली में शुक्रवार को दिन भर पंचायत चलती रही। बताया जा रहा है कि युवती का अपने ही नजदीक के रिश्ते के भाई से पारिवारिक शादी समारोह में आंखे चार हो गई थी। दोनों युगल प्रेमी घर परिवार को नजरंदाज कर एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खा लिए। कुछ दिनों बाद दोनों के परिजनों की इनकी प्रेम की भनक लगी तो दोनों पर बंदिशे लगा दी गई। युवक गाजियाबाद में बीटेक की पढ़ाई करने लगा तो युवती अपने परिजनों के साथ मुंबई चली गई। युवती अपने परिजनों से बिन बताए युवक से मिलने गाजियाबाद पहुंच गई, जहां दोनों ने किसी मंदिर में शादी कर किसी होटल में साथ साथ रहने लगे। इसी दौरान कही से दोनों के परिजनो को इसकी खबर लगी तो दोनों को अलग कर अपने अपने साथ लेकर चले गए। वही, युवक भी अब किसी कारण या परिवार की दबाव से युवती के साथ किसी भी प्रकार के सम्बन्ध से इनकार कर दिया। इस मामले में युवती के परिजनों द्वारा मुंबई में दोनों परिवारों में पंचायत भी हो चुकी है। पंचायत में दोनों पक्षों में शादी को लेकर सहमति भी बनी, लेकिन अब युवक के परिवार वाले इस शादी के खिलाफ है। मुंबई से आई युवती ने शुक्रवार को अपने माता पिता के साथ लेकर युवक से विवाह के लिए कोतवाली पहुंची। वही युवक के परिजनों का कहना है कि युवती नजदीक की रिश्तेदार है। उसका आरोप मनगढ़ंत है। हालांकि दोनों परिवारों के बीच देर कोई बात नहीं बन पाई। इस मामले में कोतवाल स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। युवती द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। युवती के परिवारवाले मुंबई में प्रकरण के खिलाफ शिकायत दर्ज करने को कह कर चले गए।

## बच्चों में बचपन से ही कला और संस्कृति का संस्कार विकसित किया जाए

लोकतंत्र की आवाज़




घनश्याम तिवारी
**बलिया ।** संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया द्वारा जिला प्रशासन बलिया के सहयोग से योग दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग 2024 के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि संकल्प संस्था का यह कार्य निश्चित रूप से सराहनीय है। बच्चों में बचपन से ही कला और संस्कृति का संस्कार विकसित किया जाए तो उनका व्यक्तित्व निखरता है। जिलाधिकारी ने कहा कि रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी के निर्देशन में कला और संस्कृति के क्षेत्र में बलिया को एक नई पहचान मिल रहा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जनार्दन राय ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा देख कहीं से नहीं लग रहा कि यह मात्र 30 दिन का प्रशिक्षण है। बच्चे एक मंझे हुए कलाकार की तरह मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कैम्प के प्रशिक्षकों की प्रशंसा की, जिनकी वजह से बच्चे बेझिझक मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। संकल्प संस्था द्वारा आयोजित 30 दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने मंच से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अभिनय, नृत्य, गायन, कविता पाठ, क्राफ्ट मेकिंग का बेहतरीन प्रदर्शन बच्चों ने किया। नाटक मंगल पाण्डेय, जैसी आपकी मर्जी और ईदगाह के अलावा शास्त्रीय नृत्य, गोविंदा हिट्स, मेरा जूता है जापानी जैसे गानों पर नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। शंकर रावत जी के निर्देशन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेरवां कला गड़वार के बच्चों का योग पर आधारित प्रस्तुति बेहतरीन रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी संस्कृति और प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। फिर कैम्प में 30 दिनों तक बच्चों को गायन आनन्द कुमार चौहान, नृत्य राहुल कुमार, अभिनय एवं क्राफ्ट कैम्प की संयोजक ट्विंकल गुप्ता ने सिखाया। सहयोगी के रूप में कृष्ण कुमार यादव मिट्ठू, जन्मेजय वर्मा, ऋषभ, सुशील केसरी, मौसम, रौशन, आदित्य, रामकुमार, खुशी, रिया वर्मा, भाग्यलक्ष्मी की महती भूमिका रही। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रशिक्षकों को पौधा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आशीष त्रिवेदी के निर्देशन में चल रहे कैम्प में श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। उमंग 2024 में पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. गणेश पाठक, कला प्रशिक्षक डॉ. इफ्तेखार खान, कवियत्री डॉ. कादम्बिनी सिंह, वन्दना गुप्ता, चन्द्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह, समाज सेवी उमेश सिंह, एडवोकेट रणजीत सिंह, लोक गीत गायक शैलेन्द्र मिश्र इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया।संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भितिहारवा पंचायत में बीडीओ ने किया 'डब्लूपीयू' भवन का उद्घाटन



गौनाहा / प्रखंड लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत राज भितिहारवा में स्थित डब्लूपीयू भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। भवन का उद्घाटन बीडीओ शिव जन्म राम, सीओ विवेक कुमार सिंह व मुखिया मुन्नी देवी द्वारा श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना व फीता काटकर की गई। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भितिहारवा में स्वच्छा ग्रहियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ शिव जन्म राम द्वारा दी गई। उन्होंने स्वच्छा कर्मियों को सुझाव दिया की पंचायत के सभी वार्डों को साफ सुथरा रखें। कचरा को डब्लूपीयू भवन में इकट्ठा रखेंगे तभी पंचायत स्वच्छ रहेगी। इस अवसर पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक राकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो, बुद्धेश्वर कुमार उर्फ गुड्डू, वार्ड सदस्य राजेश चौरसिया, उमेश महतो, रविंद्र कुमार चौधरी, सुभाष राम, पंचायत सचिव कृष्ण दत्त राम, पंचायत समिति सदस्य नंदकिशोर चौरसिया, उप मुखिया वीरेंद्र शाह, उपसरपंच धनंजय यादव, पूर्व मुखिया बागड़ शाह सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### अपनी जान जोखिम में डालकर इस इंजन को ठीक करके ट्रेन को आगे बढ़ाया'

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा



बिहार । के बगहा से है जहां शुक्रवार को नरकटियागंज से गोरखपुर जाने वाली 05497 सवारी गाड़ी के इंजन में जब एयर लीकेज होकर गाड़ी वाल्मिकी नगर पनियहवा के बीच रुक गई। लोको पायलट अजय यादव एवं सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार दोनों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर इस इंजन को ठीक करके ट्रेन को आगे बढ़ाया। उनकी इस साहस को देखते हुए डिवीजन की तरफ से 10000 की पुरस्कार राशि जारी की गई है ' आपको बता दे की उनकी इस साहसिक कार्य से प्रभावित होकर डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने 10000 की राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की है चारों तरफ इन दोनों पायलट की बहादुरी और साहस को सराहा रहा है डी आर एम विनय श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### नरकटियागंजः मेला का हुआ भव्य उद्घाटन

क्षितिज राज



नरकटियागंज । में शुक्रवार की देर शाम डिजनीलैंड मेला का भव्य उद्घाटन हुआ जिसके मुख्य अतिथि विधायक रशिम वर्मा, उप सभापति प्रतिंनिधी संतोष राज, बब्लू सराफ के साथ नगर के कई गणमान्य लोगों ने फीता काट मेला का भव्य शुभारंभ किया मेला अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि एक छत के नीचे खाने–पीने से लेकर खरीदारी व मनोरंजन की समुचित व्यवस्था है साथ ही मेले में बच्चों के मनोरंजन के गेम उपलब्ध है। महिलाओं के लिए विभिन्न तरह के स्टॉल लगाए गए है इसके साथ सुरक्षा को लेकर पुरे मेले में सीसीटीवी कैमरा लगाय गए है।

# चौतरवा पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर वसुला 17000 हजार रुपये की जुर्माना, वाहन चालकों में मचा हड़कंप

**एन एच 727 मुख्य मार्ग के पतिलार, चौतरवा, परसौनी चौक पर पांच बाईको का काटा चालान**

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**




**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना पुलिस ने शनिवार को असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों के साथ ही बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। ताकि असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा सकें। वाहन जांच अभियान को तेज करते हुए चौतरवा पुलिस ने शनिवार को एन एच 727 मुख्य मार्ग के पतिलार, चौतरवा, परसौनी चौंक पर धंटों वाहन जांच अभियान चलाकर पांच बाईको का काटा चालान जिसके साथ ही 17000 हजार रुपये की जुर्माना वसुल किया है चौतरवा थाना प्रभारी ज्योति पूंज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में नियमित व सुचारू रुप से लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब इन्स्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धंटों वाहन जांच अभियान चलाई गई। जिसमे 17000 रूपये की जुर्माना वसूला गया, आपको बता दें कि अन्य बाइक चालक ईस प्रक्रिया को देख अपना रास्ता बदल कर जाते दिखे। ज्योति पूंज ने बताया कि असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाने, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाते हुए असमाजिक तत्वों व शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा कसें।उन्होंने बताया कि वाहन जांच के क्रम में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए शराब धंधेबाजों के विरुद्ध चौतरवा थाना पुलिस मुहिम छेड़ रखी है। ताकि असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाई जा सकें। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान हेलमेट, इंशोरेंश, लाईसेंस समेत विभिन्न प्रकार की कागजातों की सत्यापन की गई। तथा बाईक की कागजात नहीं होने पर चालकों से जुर्माना वसुल की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच से चोरी पर लगाम लगेगी, तथा बाईक चोर भी पुलिस की गिरप्त में रहेंगे। उन्होंने सड़क सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों की पालन करने की अपील वाहन चालकों से की। वही चौतरवा पुलिस की वाहन जांच अभियान चलाने से वाहन चालकों में हडकंप सा मच गया है।

## बर्बरताः स्कूल में खाना मांगने पर रसोईया ने छात्रा पर फेंका गर्म सब्जी, बच्ची जलकर हुई लहुलुहान



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बच्ची के पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए थाने में दिया आवेदन ।बगहा, लौरिया प्रखंड के दानियाल परसौना पंचायत अंतर्गत रा0 उ0 मध्य विद्यालय रामपरसौना में शुक्रवार को मध्यान भोजन के दौरान रसोईया द्वारा वर्ग 2 की छात्रा अनु कुमारी पर गर्म सब्जी फेंकने का मामला प्रकाश में आया है।इस संदर्भ में छात्रा अनु कुमारी के पिता अखिलेश चौधरी थाना क्षेत्र के रामपरसौना निवासी ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि मेरी बेटी अनु कुमारी (7) जो की रा0 उ0 मध्य विद्यालय रामपरसौना में वर्ग 2 में पढ़ती है।शुक्रवार को समय 11 बजे मध्यान भोजन के लिए खाना मांगने विद्यालय में कार्यरत रसोईया गीता देवी के पास गई तो वह आवेश में आकर अनु कुमारी के उपर गर्म सब्जी फेंक दी।जिससे उसका शरीर जल गया एवं वह बेहोश होकर गिर गई।जब इसकी शिकायत प्रधानाध्यापक बसंत कुशवाहा से की गई तो वह वह कुछ भी नहीं बोले और विद्यालय से चले गए।घायल अवस्था में परिजनों द्वारा निजी अस्पताल साठी में इलाज कराया गया।वहीं इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक वसंत कुशवाहा से दुरभाष पर पूछे जाने पर बताया कि मामला जानकारी में आया है, परिजन का आरोप बेबुनियाद है।खाना खिलाने के दौरान छात्रा गर्म सब्जी के उपर गिर गई।जिसका इलाज करा दिया गया है।वहीं इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित छात्रा के पिता द्वारा थाने में आवेदन दी गई है।जांच के लिए पीएसआई जयशल कुमार को घटनास्थल पर भेजा गया है।मामले की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## ईमानदारी और मेहनत का परिणाम होता है पुरस्कार




लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बेतिया ।** किसी ने सच ही कहा है कि अगर अपने कर्तव्य पथ पर सही लग्न और मेहनत से काम किया जाये तो इसका फल मिलता लाजमी हों जाता है है और इसी कड़ी के तहत विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विभाग के श्रम आयुक्त एवं सचिव बि राजेन्द्र ने राजधानी पटना में बेतिया सदर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिशुनदेव शाह को प्रशासनीय पत्र देकर सम्मानित किया इस सम्मान को मिलने पर सेवानिवृत टी पुलिस उपअधीक्षक सह निगरानी में कार्यरत रमेश चंद्र उपाध्याय, वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट सचिव निरंकार भास्कर, वाल्मीकि नगर सांसद प्रतिनिधि अनिल कुमार, बेतिया सांसद प्रतिनिधि अनिल कुमार बर्मा, जन जागृति शिक्षा संगठन के अध्यक्ष तेज प्रकाश श्रीवास्तव, समेत बेतिया श्रम संसाधन विभाग के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी हर्ष व्यक्त किए

# आरोपी के घर के बदले पड़ोसी के घर पहुंची पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



**बगहा।** थाना क्षेत्र के गुड़िया पट्टी में गुरुवार रात को पुलिस की एक बड़ी गलती सामने आई, जब एक आरोपी को पकड़ने गई पुलिस ने गलती से आरोपी के पड़ोसी के घर पर हमला बोल दिया। इस घटना में निर्दोष नागेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका हाथ टूट गया है। दरअसल, गुरुवार की देर रात्री में पुलिस टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिए गुड़िया पट्टी पहुंची। लेकिन आरोपी के घर की पहचान में गलती करते हुए, पुलिस पड़ोसी नागेंद्र यादव के घर पहुंच गई। पुलिस ने घर में मौजूद महिलाओं के साथ गाली–गलौज करना शुरू कर दिया। जब पुरुषों ने इसका विरोध किया, तो पुलिस ने उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस पिटाई में नागेंद्र यादव का हाथ टूट गया।

घायल का इलाज घायल नागेंद्र यादव को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। नागेंद्र यादव और उनका परिवार अब न्याय की गुहार लगाते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों से मिल रहे है।

बयान थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि मामले की जानकारी संबंधित अधिकारी से ली जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित से मिलकर पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

समुदाय में आक्रोश इस घटना ने स्थानीय समुदाय में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस तरह की गलती और निर्दोष लोगों पर अत्याचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल बगहा पुलिस की इस गलती ने एक निर्दोष परिवार को भारी नुकसान पहुंचाया है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली और उसके तरीके पर गंभीर सवाल उठाती है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसपी ,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में पुलिस लाइन एवं सभी थानों पर किया गया योगाभ्यास

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को विभिन्न आसन और प्राणायाम मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया–– एसपी बगहा स्लग :पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देशन में पुलिस केंद्र, बगहा तथा सभी थानों पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया।जिसमें विभिन्न पुलिस पदाधिकारी एवं, थानाध्यक्ष, पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। बगहा पुलिस जिला के पुलिस केंद्र, बगहा तथा सभी थानों में नियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला के विभिन्न पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थानों के थानाध्यक्ष, पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है और तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों को दिनचर्या में शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।एसपी ने कहा गया कि प्रकृति से जुड़कर शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्तर पर शुद्धता एवं स्वास्थ्य में वृद्धि की जा सकती है। सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को विभिन्न आसन और प्राणायाम मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया

# सिकटा :फिर एक बार दोस्ती के चक्कर में हुई नाबालिक की हत्या

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**



**बेतिया।** सिकटा आज कल के बच्चे दोस्ती करने में बहुत माहिर है और दोस्तों के चक्कर में अपनी जान गवा देते ऐसा ही एक मामला सिकटा थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में प्रकाश में आया जहां बबलू पटेल उम्र 12 वर्ष पिता सुरेश पटेल विगत दो दिनों से घर पर से लापता था और परिजन उसे खोज रहे थे एकाएक दो दिन बाद रामाधार प्रसाद के पोखर के किनारे उसकी शव पुलिस को मिला जहां उसे मिट्टी में दफना दिया गया था और कुत्ते और सियार मासूम कि लाश नोचने का प्रयास किए थे यह बात आग कि तरह जंगल में फैल गई पुलिस ने लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल हॉस्पिटल भेज दिया है वहीं सूत्रों के माने तो 19 जून को अपने कुछ दोस्तों के साथ बबलू जुआ खेलने गया था और जुए में उसने 1000 हजार रुपए भी जिते और दोस्तों ने उसे पाटी कराने को कहा फिर क्या शराब कबाब कि पार्टी हुई और उसी शाम से बबलू धर नहीं आया दो दिन बाद उसका शव मिला हालांकि पंचायत में इस मामले को सुलझाने कि कोशिश कि गई परंतु बात नहीं बनी वहीं सिकटा थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतक के दो दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में लिया है तथा पूरे मामले कि जांच में जुट गई है वहीं मृतक बबलू के तीन भाई और एक बहन है बबलू सबसे छोटा है मृतक के पिता पंजाब में रहकर कमाते हैं इस घटना से जहां पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है खैर अब पुलिस की जांच के बाद इस हत्या पर से राज हटेगा जहां इस धटना से बच्चों को अपने बच्चों के दोस्तों पर निगाह रखनी कि जरूरत है क्योंकि आए दिन दोस्ती के चक्कर में ऐसी घटनाएं समाज में सुनने या देखने को मिल रही हैं

## भैरोगंज थाना क्षेत्र के महिला के साथ मारपीट करने को लेकर तीन के विरुद्ध प्राथमिकी हुई दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**




**बगहा ।**अनुमंडल अंतर्गत एक महिला से मारपीट और उसके साथ असफल दुर्व्यवहार करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है।घटना विगत 18 जून को थानाक्षेत्र के शिवराजपुर गाँव की है।उक्त घटना को लेकर पीड़ित महिला ने आरोपितों के विरुद्ध पुलिस को आवेदन सौप कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतू आग्रह किया है।आवेदन में बताया गया है कि आरोपित घटना के समय घर मे घुस आए और पीड़िता के पुत्र के विषय मे जानकारी लेना चाहते थे।प्रतिउत्तर में महिला ने इतना ही बताया था कि वह घर मे अकेली है और कोई अन्य पुरुष सदस्य नहीं है।इतने में आरोपितों में से एक उसका गला दबाने लगा व अन्य उसके साथ मारपीट करने लगे।वह जमीन पर गिर गई।उसके बाद उसका बाल पकड़ कर जमीन पर घसीटा गया।मारपीट में उसके वस्त्र खुल गए और वह अर्धनग्न हो गई।घटना में उसके साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश भी की गई।आवेदन में दर्ज उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला शिवराजपुर ग्राम निवासी रंजू देवी पति उपेंद्र पासवान के आवेदन पर भैरोगंज थाना काण्ड संख्या 43/024 दिनांक 20 जून 2024 दर्ज कि गई है।पीड़ित महिला ने अपने सौपे गए आवेदन में गाँव के ही विनोद पटेल पिता विजयमल पटेल, रौशन कुमार और रंजन पटेल दोनों पुत्र विनोद पटेल को मामले में आरोपित बनाया है।मामले की छानबीन व अग्रेतर कार्यवाही की जिम्मेवारी थाना के एसआई ओमप्रकाश गौतम को दे दी गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड अंकित करते हुए अग्रिम कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## फ्री फायर खेलते हुए मो. आसिफ ने नाबालिग को फँसाया, भगाकर अपने घर ले गया जमुई

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**



**मुंगेर ।** सूबे बिहार के जमुई में ऑनलाइन गेम फ्री फायर खेलते हुए मोहम्मद आसिफ अंसारी ने एक नाबालिग हिंदू लड़की को अपने जाल में फँसा लिया। इसके बाद उसने नाबालिग को अपने घर भागने के लिए प्रेरित करते हुए बुला लिया। लड़की की उम्र 14 साल है। शंका होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आरोपित के पास हिंदू लड़की को बरामद कर लिया गया है। यह मामला जमुई के झाझा क्षेत्र का है। यहाँ के ढाबा गाँव का रहने वाला आसिफ फ्री फायर गेम खेलते–खेलते सिवान की नाबालिग हिंदू लड़की को प्रेम जाल में फँसा लिया। आसिफ ने लड़की को बहकाकर झाझा बुला लिया और वहाँ से उसे गुरुवार (20 जून 2024) की रात को अपने साथ घर लेकर चला गया। ग्रामीणों को जानकारी मिली कि लड़की हिंदू धर्म की है तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आसिफ ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन साल से फ्री फायर गेम खेल रहा है। इसी दौरान उसका संपर्क नाबालिग हिंदू लड़की से हुआ। धीरे–धीरे उसने लड़की से नजदीकी बढ़ा ली। लड़की के माता–पिता नहीं हैं। उसने बताया कि लड़की उसके साथ रहने को तैयार हो गई और घर छोड़ ट्रेन से झाझा पहुँच गई।

जानकारी के मुताबिक, उसने पुलिस को बताया कि लड़की दूसरी बार झाझा आई है। इसके पहले वह बंगाल भाग गई थी। वहाँ बंगाल पुलिस ने पकड़ लिया था और लड़की के परिजनों को बुलाकर उन्हें लड़की सौंप दी थी। इस दौरान उसे आरोपित से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। हालाँकि, वह आरोपित के साथ लगातार संपर्क में बनी रही। वहीं, नाबालिग हिंदू लड़की ने बताया कि ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलने के दौरान मोहम्मद आसिफ अंसारी से उसका संपर्क हुआ था। इसके बाद आरोपित आसिफ के कहने पर वह झाझा आ गई थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि 14 साल की लड़की को बहला फुसलाकर झाझा लाया गया था। लड़की सिवान जिले के रहने वाली है। लड़की के स्वजन को सूचना दे दी गई है।

ऑनलाइन गेम के दुष्परिणाम पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या जबरदस्त इजाफा हुआ है। ऑनलाइन गेम से एक तरफ प्रॉब्लम सोल्विंग और टीम वर्क जैसे गुण विकसित होते हैं तो दूसरी ग्रूमिंग का बढ़ता चलन छोटे–छोटे बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। इसके अलावा, इन खेलों के कारण बच्चों में एडिक्शन बढ़ रहा है, जिससे उनमें कई तरह के मानसिक विकार उत्पन्न हो रहे हैं। इसका बड़ा खतरा ऑनलाइन ग्रूमिंग है। यह तब होती है, जब कोई व्यक्ति किसी युवा व्यक्ति को धोखा देकर उसके साथ संबंध बनाता है और उसका दुरुपयोग करता है। यह यौन संबंध हो सकता है। ड्रग्स बांटने, आत्महत्या या अन्य अपराध करने के लिए उकसाने या मजबूर करने जैसा हो सकता है। वित्तीय शोषण भी हो सकता है। ऑनलाइन गेमिंग के जरिए अपराधी किस्म के लोग सरल–सीधे बच्चों एवं युवाओं को अपना शिकार बना सकते हैं। वे उनसे दोस्ती करके उन्हें अपने आपराधिक कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। ऑनलाइन खेलों में बच्चों को अजनबियों से चैट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इन खेलों का दुरुपयोग बच्चों का शोषण करने के लिए किया गया है।ऐसा ही एक खतरनाक ऑनलाइन गेम ह्यब्लू ह्वेलह्य भी सामने आया था। इसमें दो या दो अधिक खिलाड़ी ऑनलाइन खेलते हुए एक–दूसरे को खतरनाक चैलेंज देते थे। इनमें कई तरह की प्रताड़ना और आत्मघाती कदम शामिल होते थे। इस खेल के कारण भारत सहित दुनिया भर में हजारों युवाओं ने छत से कूद कर या अन्य तरीकों से जान दे दी थी। इसके बाद इसे भारत सहित दुनिया भर में बैन कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विशाल कलश यात्रा निकाली गई




लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के गोराडीह गांव में नव दिवसीय यज्ञ के लिए विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।चिलचिलाती धूप और गुमस भरी गर्मी में भी सैकड़ो महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर के नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर लाया गया। इंटरनेशनल भिखारी उर्फ त्यागी जी महाराज के द्वारा 158 वा यज्ञ है ।इस यज्ञ में त्यागी जी महाराज मुख्य आयोजक है। प्रदीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थिति थे। सुधिर ओझा,,मुकेश ओझा, धनंजय ओझा ,रविंद्र पोद्दार,संजय पोद्दार इत्यादि इस विशाल कलश यात्रा में शामिल थे। ब्राह्मणों की टीम ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश स्थापना करवाया।

### ऑफिसर चॉइस ग्रैंड व्हिस्की छह बोतल शराब बरामद, अभियुक्त को भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज
उमेश चौधरी, मथुरापुर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस द्वारा ऑफिसर चॉइस ग्रैंड व्हिस्की 750 मिली के छह बोतल बरामद करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया। ऑफिसर चॉइस ग्रैंड व्हिस्की 750 मिली के छह बोतल कुल मात्रा साढ़े चार लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए मथुरा पुर पुलिस के पुअनि जगनिवास शर्मा द्वारा अभियुक्त चंदन महतो पेसर स्व रामबालक महतो साकिन थाना मथुरापुर जिला समस्तीपुर को बिहार मध निषेध एवम उत्पाद अधिनियम की धारा तिस ए के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपसथापन वास्ते उचितमार्गरक्षण में भेजा गया की पुष्टि एसएचओ मुकेश कुमार ने की है।

### आइभीएफ सपस्शेलिष्ट नयी तकनीकी सुविधा से परिवार को मिल रहा संतान सुख




लोकतंत्र की आवाज़
गया ।मगध के लोगों के लिए गया भगवान विष्णु और भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बौधगया मे सबसे अच्छा और नये तकनीकी सुविधा लेस हास्पिटल मेडीवर्स हास्पिटल मे डा तेजस्वी नंदन के द्वारा नयी तकनीकी सुविधा से मां बनने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जो मां बाप का सपना देख रहे हैं वह गया के मेडीवर्स हास्पिटल मे एक बार अवश्य आए और जो भी महिला थक हार चुकी है वह भी एक बार इस हास्पिटैलिटी में अवश्य आए और चेहरे पर खुशी लेकर जाए यह हास्पिटल हर तरह की सुविधा उपलब्ध है आइभीएफ सपस्शेलिष्ट डॉक्टर डॉक्टर तेजस्वी नंदन एवं उनकी टीम के द्वारा जो गया शहर में कम है।

### एकमा नपं के पार्षद पर सरकारी कार्य में बाधा डालने व जेई के साथ अभद्रता करने के मामले में केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
एकमा (सारण)। सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यालय में भरहोपुर वार्ड-14 के पार्षद उमेश बैठा ने अपने भाई मुकेश बैठा व अन्य लोगों के साथ घुस कर सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे कनीय अभियंता लालू कुमार से कमीशन की मांग करने व उनके साथ गाली-गलौज करने, एससी/एसटी एक्ट में फंसाने व जान से मारने की धमकी हुए अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि इस दौरान सरकारी कागजातों को फाड़ने का भी आरोप है। मामले में एकमा थाना में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला के आदेश पर कनीय अभियंता लालू कुमार के द्वारा सुसंगत धाराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 9 वारंटी को भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज
राजेश कुमार सिन्हा, रजौली। विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 9 वारंटियों को शुक्रवार की रात पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 9 वारंटियों को सीजेएम कोर्ट, नवादा के निर्देश पर शुक्रवार की रात रजौली थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया के विदेशी राजवंशी के बेटे बच्चू राजवंशी, जोगियामारण के राजू प्रसाद के बेटे रामोतार प्रसाद, बच्चू प्रसाद के बेटे राजो प्रसाद, मंगर राजवंशी के बेटे मुद्रिका राजवंशी और बिजली राजवंशी, रामदासी के एतवारी माहतो के बेटे कैलाश माहतो, भूटाली माहतो के बेटे विजय माहतो, बूंदी माहतो के बेटे लल्लू माहतो, भूटाली माहतो के बेटे सुखी माहतो शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए सभी वारंटियों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। मारपीट के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मारपीट के मामले में नामजद अभियुक्त थाना क्षेत्र के माफी ग्रामीण कुंदन सिंह के पुत्र रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### समस्तीपुर के शिवाजीनगर में अपहृता बरामद

लोकतंत्र की आवाज
दिलिपकुमार ठाकुर, शिवाजीनगर/समस्तीपुर। थाना हथौड़ी काण्ड संख्या 176/23 धारा 363,366 एवम 34 भादवि की अपहृता लड़की पेसर अशोक साह साकिन कनखड़िया थाना हथौड़ी जिला समस्तीपुर को मिली गुप्त सूचना पर हथौड़ी पुलिस द्वारा रोसड़ा अनुमंडल कैम्पस से गिरफ्त में लेकर मेडिकल टेस्ट के लिए भेज दिया गया है। यह जानकारी एसएचओ मोनू राय ने दी।

# आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन की अधिकारियों की बैठक ,लिए गए कई निर्णय

लोकतंत्र की आवाज



**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा)।** आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोशिएशन के तत्वावधान में शनिवार को जिलास्तर पर अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक नवादा प्रेस क्लब के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता नवादा अनुमंडल अध्यक्ष प्रभात दयाल ने किया। उन्होंने कहा कि यह संगठन पत्रकारों के हित में हर लड़ाई लड़ता है। बिना संगठन के कुछ नहीं किया जा सकता। बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। संगठन द्वारा सभी सदस्यों का परिचय पत्र प्रदान करने पर गहन विचार हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन से नहीं जुड़े प्रखंड के संवाददाताओं को अगली बैठक में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया।

जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर में संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मगध प्रमंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने भी अपनी राय रखते हुए बोले संगठन में सभी को अनुशासित रहना होगा और समय-समय पर इसकी बैठक करते रहें एवं ब्लॉक स्तर पर मजबूत करें, ताकि संगठन का फायदा सभी पत्रकारों को मिल सके। ताकि लोगों को संगठन अधिक जुड़ाव बना रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यह प्रस्ताव रखा गया कि आगामी जुलाई माह में जिले में राजस्तरीय पत्रकार सम्मान एवं आईकॉन ऑफ बिहार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। जिसको लेकर सभी सम्मानित सदस्यों ने अपना राय-विमर्श दिया।

जिला अध्यक्ष ने जिला कमेटी इकाई का गठन किया गया। जिसमे सनोज कुमार संगम जिला उपाध्यक्ष, सन्नी भगत जिला उपाध्यक्ष, अनंत कुमार जिला महासचिव, राजेश कुमार कोषाध्यक्ष, प्रभात दयाल सह-कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता, कृष्ण कुमार चंचल जिला संगठन सचिव, विजय कुमार क़ो जिला संगठन मंत्री ,अनिल शर्मा जिला कार्यालय प्रभारी, गुड्डू सिंह नवादा नगर अध्यक्ष, एवं उपेंद्र राज रजौली अनुमंडल अध्यक्ष ,राकेश राजवंशी क़ो रजौली प्रखंड अध्यक्ष ,कन्हाई चौधरी क़ो गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष ,संजय वर्मा क़ो हिसुआ प्रखंड अध्यक्ष ,राकेश कुमार चंदन क़ो नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष ,विवेक कुमार क़ो मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष ,अभय कुमार रंजन ₹गुड्डू₹ को वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष ,अरविंद कुमार क़ो काशीचक प्रखंड अध्यक्ष ,राकेश कुमार क़ो नरहट प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।इस अवसर पर अन्य सदस्यों रुप मे संजय वर्मा, अमित बाबू ,राकेश कुमार, अरविंद कुमार, राकेश कुमार चंदन, रंजीत कुमार, मनोज प्रसाद, राकेश कुमार, उपेंद्र राज ,सुमन कुमार चौधरी, चंदन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# योग से ही होती है ध्यान, स्पष्ट सोच व आंतरिक शांति की प्राप्तिः ई जयप्रकाश सिंह



लोकतंत्र की आवाज

● एकमा के विभिन्न स्थानों पर हुए योगाभ्यास

**एकमा (सारण)।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एकमा व आसपास के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान एकमा सीएचसी, एकमा व रसूलपुर थाना परिसर, एकमा नर्सिंग एवं पारा मेडिकल कॉलेज, गुरुकुल पब्लिक स्कूल एकमा, उत्क्रमित मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर के अलावा रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद सभागार में समस्त शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्रों के द्वारा क्रियात्मक रूप में मनाया गया।

इस दौरान कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कहा कि ध्यान, स्पष्ट सोच और आंतरिक शांति की प्राप्ति योग के माध्यम से ही संभव है। जो हमारे व्यस्त जीवन के बीच अमूल्य साबित होता है। योग के आंतरिक लाभ है। यह हमारे शरीर को अत्यधिक लचीला बनाने में सहायता करता है।

प्राचार्य डॉ अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि योग हमारे जीवन में नई चेतना जागृति करने के साथ ही ऊर्जा, मानसिक व शारिरिक स्थितियों को सुदृढ बनाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव ई जय प्रकाश सिंह, डॉ अमित कुमार सिंह, प्रो अनुप कुमार, प्रो उमाशंकर सिंह, राहुल कुमार सिह, अजीत कुमार, हरिशंकर सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, नेहु कुमार, शशि शेखर पाण्डेय, मोहम्मद मखसुद आलम आदि योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बिजली चोरी में 3 लोगों पर जुर्माना, प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

● रजौली थाना क्षेत्र के बौढी खुर्द गांव में बिजली विभाग की टीम ने की छापेमारी

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** बिजली चोरी को लेकर रजौली थाना क्षेत्र के बौढी खुर्द गांव में शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बौढी खुर्द गांव से 3 लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। बिजली चोरी करने वाले तीनों लोगों पर अलग-अलग जुर्माना किया गया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर बिजली चोरी करने वाले सभी 3 लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

इस संदर्भ में बिजली जेई भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि रजौली थाना क्षेत्र के बौढी खुर्द गांव में बिजली विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को छापेमारी की गई थी। छापेमारी के क्रम में बौढी खुर्द गांव के तीन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। बिजली चोरी करने वालों में भुवनेश्वर पासवान के दो बेटे शैलेंद्र पासवान और लाल बहादुर पासवान एवं एक अन्य व्यक्ति बाबू लाल यादव शामिल हैं। भुवनेश्वर पासवान के दोनों बेटे शैलेंद्र पासवान व लाल बहादुर पासवान पर ₹11500 का जुर्माना किया गया। वहीं एक अन्य व्यक्ति बाबूलाल यादव पर ₹13 हजार का जुर्माना किया गया। जेई ने बताया कि जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर बौढी खुर्द गांव के तीनों लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।छापेमारी टीम में बिजली जेई भुवनेश्वर प्रसाद के अलावा मानव बल छोटू यादव और बिपिन कुमार शामिल थे।

# नवादाः वर्षा नहीं होने से वैकल्पिक जलस्रोतों से किसान तैयार कर रहे धान की नर्सरी

लोकतंत्र की आवाज



● मृगरिशा समाप्ति पर है,परंतु शेरपुर में नहीं डाली जा सकी नर्सरी

**वारिसलीगंज (नवादा)।** कृषि प्रधान क्षेत्र वारिसलीगंज के किसान वर्षाभाव में वैकल्पिक जलश्रोतों से धान की नर्सरी डालने कार्य शुरू कर दिया है। गांव का कार्य देहातों के किसान अग्रिम वेराइटी के धान की नर्सरी रोहन नक्षत्र से शुरू कर आधा मृगशिरा और लेट वेराइटी वाला धान की नर्सरी आद्रा नक्षत्र तक खेतो में डालते हैं।किसान कहते हैं कि धान तैयार होने की अवधि के अनुसार खेतो में बिचडा गिराते हैं। ताकि नर्सरी डालने के 22 से 25 दिनों के भीतर धान की रोपनी संभव हो सके। बता दें कि वारिसलीगंज क्षेत्र के किसानो का मुख्य फसल धान गेंहू है।क्षेत्र के किसान अपने शत प्रतिशत समतल खेतो धान की रोपनी करते हैं।

प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवो में पानी रहने के बाद आषाढ़ के अंत से धान रोपनी कार्य द्वारा शुरू कर दी जाती है। आषाढ़ में धान रोपने वाले किसान रोहन में नर्सरी तैयार करने के लिए खेतों में बिचड़ा डालना शुरू कर देते हैं।इस प्रकार प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में जिसमें प्रमुख रूप से शेरपुर भवानीबीघा,हाजीपुर,सोनवर्षा, चुल्हाय बिगहा,मसूदा,मकनपुर, चंडीपुर, बासोचक, लीला बीघा, भुआलचक गोपालपुर आदि में नागपंचमी के बाद धान रोपनी शुरू की जाती है। जिसके लिए उक्त गांव के किसान मृगशिरा के शुरुआत से खेतों में बिचड़ा गिराने का कार्य शुरू करते हैं जो मध्य तक समाप्त हो जाती है। लेकिन इस बार अभी तक वर्षा नहीं हुआ है। धरती तवे की भांति जल रही है। ऐसे में धान की नर्सरी तैयार करना किसानों के लिए काफी कष्टप्रद कार्य है। कुछ गांवो को छोड़ प्रखंड के अन्य गांवो में धान की नर्सरी बैकल्पिक व्यवस्था के तहत तेजी से डाली जा रही है। कही विधुत पम्प तो कही डीजल पम्पिंगसेट के सहारे किसान बिचड़ा डालने का कार्य कर रहे हैं।

जानकारी हो की देर से तैयार होने वाली धान की वेराइटी का बिचड़ा रोहन मध्य से मृगशिरा प्रारंभ तक हर हाल में खेतों में डाल दिया जाता है। लेकिन नवीनतम हाइब्रिड वैरायटी की धान व कम दिनों में तैयार होने वाला धान की फसल का बिचड़ा मृगशिरा के अंत से खेतों में डालने का कार्य किया जाता है। बता दें कि इस बर्ष प्रखंड कृषि कार्यालय के द्वारा कुल 7951 हेक्टेयर भूमि पर धान रोपनी का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके लिए निर्धारित लक्ष्य के न्यूनतम 10 फीसदी खेतो में नर्सरी डाली जाती है। हाईब्रीड नस्ल के धान की नर्सरी शनिवार से यानि आद्रा नक्षत्र में डालने का कार्य किया जाएगा।हलांकि वर्षा नहीं होने की स्थिति में नर्सरी को हर दो दिन पर सिंचाई किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य होगी।वर्षा नहीं होने से प्रखंड के किसानों को काफी कस्ट झेलना पड़ रहा है।

# छापेमारी में वारिसनगर थाना पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**उमेश चौधरी**
**वारिसनगर/समस्तीपुर।** बीती संध्या दिवा गस्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में वारिसनगर थाना पुलिस द्वारा दो अभियुक्त को गिरफ्त में लेते हुए जेल भेजा गया। थाना कांड 282/23 के प्राथमिकी अभियुक्त बतहू शाह पिता पाचू शाह ग्राम रतनपुर थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को एवम वारिसनगर थाना कांड 131/24 के प्राथमिकी अभ्युक्त चंदन राय पिता राजेश्वर राय ग्राम भादोघाट थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया की पुष्टि एसएचओ निरंजन कुमार ने की हैं।

# जमालपुर में 70 लीटर देसी शराब के साथ तीन तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर।** फरीदपुर ओपी क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी करते हुए 70 लीटर देसी शराब के साथ तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान राजेश कुमार बड़ी गोविंदपुर, आकाश सोनी व राहुल मंडल सदर बाजार जमालपुर के बताए गए हैं।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को यह जानकारी मिली कि ब्लू रंग के एक टोटो से शराब तस्कर धरहरा की ओर से शराब की खेप लेकर जमालपुर आ रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी कर शराब तस्कर को टोटो 70 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि तीनों शराब तस्कर पूर्व से शराब कारोबार में संलिपित था जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्याय हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। जमालपुर पुलिस की ओर से लगातार शराब कारोबारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से शराब तस्कर के बीच जहां हड़कंप मचा है। वही वलीपुर, रामपुर, दौलतपुर,केशोपुर, दरियापुर धर्मशाला रोड में खुलेआम अंग्रेजी शराब की बिक्री एवं होम डिलीवरी शराब तस्कर आज भी कर रहे हैं।

# भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने मानस मंदिर से मनरेगा योजनाओं में लूट-खसोट को लेकर प्रतिवाद मार्च निकाला

लोकतंत्र की आवाज




**रामजी कुमार**
**पूसा, समस्तीपुर।** मनरेगा योजनाओं में लूट-खसोट व फर्जी निकासी को उजागर करने वाले एवं जांच की मांग को लेकर संघर्षरत खेग्रामस के प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्तेकार पर शुक्रवार की रात महमदा हॉट के समीप मनरेगा के दलाल-बिचौलियों ने मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वे बूरी तरह से जख्मी हो गये। शनिवार को उक्त घटना में शामिल मनरेगा के दलाल-बिचौलियों को गिरफ्तार करने व अन्य मांगो को लेकर भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने मानस मंदिर से प्रतिवाद मार्च निकाला, जो विभिन्न मार्ग से चलकर मनरेगा भवन के सामने पहुँचकर सभा में तबदील हो गया।

सभा की अध्यक्षता भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि खेग्रामस जिलाध्यक्ष उपेन्द्र राय, खेग्रामस जिला सचिव जीवछ पासवान उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिला सचिव जीवछ पासवान ने कहा कि मनरेगा में लूट-खसोट व फर्जी निकासी करके दलाल- बिचौलियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। अधिकारियों ने दलाल-बिचौलियों को लूटने की खुली छूट दे रखी है। उन्होंने कहा है कि पुलिस अविलंब हमला करने वाले मनरेगा के दलाल-बिचौलियों गिरफ्तार करके जेल भेजे वरना भाकपा-माले आंदोलन करने को बाध्य होगी।

भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष मो.इस्तेकार पर हमला करने वाले मनरेगा के दलाल-बिचौलियों की सभी योजनाओं की जांच कर कार्रवाई करने की मांग मनरेगा पीओ से की है कार्रवाई नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। मौके पर भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य रौशन कुमार, महेश कुमार, खेग्रामस प्रखंड सचिव सुरेश कुमार, सुनिता देवी, भाग्यनारायण राय, अजय कुमार, केदार कुमार, आर्यन कुमार, विशाल कुमार, अनिता देवी, शांति देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल थे।

# बाल संरक्षण समिति का एक दिवसीय बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज




**आर्यन मोहन**
**नवादा।** शहर में शनिवार को ग्राम कचहरी भवन आंती में बाल संरक्षण समिति का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच वीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई नवादा की संगीता कुमारी एवं चाइल्डलाइन के कोऑर्डिनेटर निरंजन कुमार ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। नव चेतना विकास संस्था के सचिव नारायण पासवान ने कहा कि आज का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकार को कैसे सुरक्षित रखा जाए।

उन्होंने बाल विवाह ,बाल श्रम पर रोक कैसे लगाया जाए निम्न विषयों पर चर्चा किया। इस मौके पर आंती पंचायत , कादिरगंज पंचायत, पौरा पंचायत के जनप्रतिनिधि ने भाग लिया। आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, ग्राम कचहरी के सरपंच, न्याय मित्र, सचिव ,उप सरपंच सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सर्वप्रथम संगीता कुमारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्य विस्तार पूर्वक बताया एवं बच्चों को सरकार से मिलने वाला अनुदान पर चर्चा किया।साथ बच्चों के अधिकार पर भी चर्चा किया।चाइल्डलाइन के निरंजन कुमार ने बताया कि बच्चों से संबंधित किसी प्रकार की दिक्कत होने पर चाइल्डलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर संपर्क करने के अपील की। जितेंद्र कुमार मुखिया ने कहा कि मेरे पंचायत में पंचायत स्तरीय कमेटी बना हुआ है और नियमित बैठक होता है इसमें 17 सदस्य है

इस कार्यक्रम में सैकड़ो महिला पुरुष ने भाग लिया। अंत में संस्था के सचिव नारायण पासवान ने धन्यवाद देकर सभा को समाप्त की घोषणा की इस अवसर पर बिंदु कुमारी, मधु कुमारी, प्रीति कुमारी ,आशीष राज,अभिषेक कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# संक्षिप्त खबरें ।

## महिला सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर एसएनएस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित करो योग रहो निरोग

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता । 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर "महिला सशक्तिकरण के लिए योग' विषय पर सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह के एनएसएस और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। डॉ सुनील ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि वर्तमान जीवन समय में हमें स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में अहम स्थान देना होगा ताकि हम और हमारा समाज स्वास्थ्य के साथ साथ सुख और शांति से परिपूर्ण रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कपिल देव कुमार पासवान ने कहा कि भारत की तरफ से योग दुनिया के लिए एक अमूल्य उपहार है। इस मौके पर खेल पदा– धिकारी डॉ. राम नरेश पसवान ने कहा कि खेल और योग में एक अन्योन्याश्रय उ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संबंध है। इससे शारिरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। इस कार्यत्र्म में डॉ. संजय सिंह, डॉ. लीना, डॉ. मिन्की, डॉ. सुनीता, सुधा, बबिता, मनीष, ओम प्रकाश पंडित, उदय, इमर– ान, वसंत सिंह, देवकांत सिंह, शिब– किशोर, कुंदन, सत्यनारायण, विश्वजीत, नीलेश, परशुराम सिंह, अजय गुप्ता, अनुष्का, आशीष, स्वाति के साथ शिक्षक एव शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भाग लेकर कार्यत्र्म को सफल बनाया।

## सहरसा सदर अस्पताल परिसर में जलजमाव संक्रमण से मरीजो व परिजनों को खतरा ?

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता । बताते चले की कोशी क्षेत्र के (पीएमसीएच )कहा जाने वाले मॉडल सदर अस्पताल के पीछे जल जमाव दुर्गंध युक्त गंदगी का अंबार से मरीजों में परिजनों में बढ़ा संक्रमण का खतरा इसे देखने वाला व सुधि लेने वाला कोई नहीं मरीज व परिजनों ने (संवाददाता को) बताया प्रशासन को इस समस्या का निदान शीघ्र करना चाहिए ताकि गंदगी व मच्छर का प्रकोप से राहत मिल सके।

## श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में विश्व योग दिवस मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। 10 वें विश्व योग दिवस पर शुत्र्वार को भारत सहित पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया। वहीं श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में योगाभ्यास कार्यत्र्म आयोजित किया गया। इस अवसर पर कहा कि देश की हर परम्परा का वाहक के रूप में तेजी से उभर रहे सहरसा के श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में दिन के 11 बजे से योग कार्यत्र्म किया गया। जिसमें मेडि– कल कॉलेज के छात्र छात्राएं, कॉलेज और हॉस्पिटल के स्टाफ, श्री नारायण फाउंडेशन की मैंनेजिंग ट्रस्टी कामेश्वरी कुमारी, कॉलेज के संस्थापक आर के सिंह, श्री नारायण फाउंडेशन के ट्रस्टी रोहित राठौर, सेंट– र हेड कौशल किशोर ठाकुर, वरिष्ठ सर्जन डॉ. नरेश झा, डॉ. अवनीश कर्ण, लालदेवी नर्सिंग एंड पैरामे– डिकल के प्रिंसिपल प्रो. भाग्यवाती सहित कॉलेज एंवं हॉस्पिटल के डॉक्टर मौजूद रहे। श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल की ओर से हर वर्ष बड़े पैमाने पर योग दिवस मनाया जाता रहा है। इस वर्ष खास इसलिए रहा क्योंकि यह 10 वां विश्व योग दिवस है। कार्यत्र्म के अंत में मैंनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती कामेश्वरी कुमारी और मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संस्थापक आर के सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि पुरातन काल से योग हर भारतीयों के दिनचर्या में शामिल रहा है।

## बलवाहाट: मॉनसून आने से पूर्व ही बलवाहाट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चरमराई, लोग परेशान

लोकतंत्र की आवाज

बलवाहाट सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। प्रखंड के बलवाहाट थाना क्षेत्र में मॉनसून शुरू होने से पूर्व से ही बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के लिए लोग तरसते रहे। लगातार 12 घंटे से भी अधिक समय तक बिजली नहीं रहने से आम लोगों के दिनचर्या पर काफी असर पड़ा। मोबाइल डिस्चार्ज होने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में पानी के लिए लोग जूझते रहे। हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में बिजली बहाली को लेकर विभिन्न फीडरों में मानव बल लग रहे लगभग लगभग दो बजे बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो पाई। इस बीच गर्मी में बिजली के बिना लोग बेचैन देखे गए। गर्मी और उमस के बीच बिजली गुल रहने से दिन भर लोग परेशान रहे। शनिवार की देर रात आई तूफान के कारण बिजली विभाग की व्यवस्था की पोल खुल गई। तेज हवा के कारण इंसुलेटर फेल हो गए, जिसकी मरम्मत में दिनभर मानव बल जुटे रहे। कई लोग पेयजल की किल्लत को लेकर भी परेशान रहे। बिजली संबंधित जानकारी के लिए लोग अधिकारी को फोन करते रहते हैं। परंतु कोई फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते।

## दो पुलिस अवर निरीक्षक का हुआ तबादला

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। एसपी हिमांशु ने जिले के विधि व्यवस्था संधारण और बेहतर अपराध नियंत्रण के लिए विभिन्न थाना में पदस्थापित एक पुलिस अवर निरीक्षक और एक कनीय अवर निरीक्षक को दूसरे थाना में भेजा गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक राहुल रोशन को तत्काल प्रभाव से जलई ओपी में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। वहीं कनीय अवर निरीक्षक वरूण कुमार शर्मा को सदर थाना में पदस्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी कुछ पदाधिकारी का तबादला हुआ है। जो पुलिस कर्मी लंबे समय से किसी एक थाने में बने हुए थे। उन्हें दूसरे थाने में योगदान देने के लिए भेजा गया है।

# आरक्षण पर पटना हाईकोर्ट का फैसला वंचित तबके के साथ अन्याय : कुंदन यादव

लोकतंत्र की आवाज




**सहरसा संवाददाता।** 65 प्रतिशत आरक्षण पर पटना उच्च न्यायालय का फैसला के खिल–ाफ इंकलाबी नौजवान सभा आरवाइए के राज्यव्यापी आ''ान पर कार्यकत्ताओं ने शुत्र्वार को शहर के कचहरी शिवपुरी रोड में बिस्कोमान भवन के समीप विरोध–प्रदर्शन किया। विरोधप्रदर्शन का नेतृत्व आरवाइए राष्ट्रीय पार्षद कुंदन यादव ने किया। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और आरक्षण पर पटना उच्च न्यायालय के फैसला को वंचित तबकों के साथ अन्याय बताया।

मौके पर भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव, खेग्रामस राज्य पार्षद संतोष राम, आरवाइए राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह माले नेता कुंदन यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार द्वारा दलित–वंचित समुदाय के आरक्षण की सीमा को 65% करने के निर्णय को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने को वंचित समुदाय के प्रति घोर अन्याय है। वंचित समुदाय के आरक्षण पर हो रहे संगठित हमले व उसे कमजोर किए जाने के इस दौर में महागठबंधन की सरकार ने जाति आधारित जनगणना के आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाक र 65 फीसदी किया गया। जो बिल्कुल न्याय संगत था। नेताद्वय ने कहा भाजपा तो शुरू से ही जाति गणना की विरोधी रही है। वह 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द करवाने के लिए काफी सक्रिय रही है।

जाति गणना के खिलाफ उसके ही लोग न्यायालय में गए थे। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा है संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को खतरा है। इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ बिहार सरकार तत्काल सुप्रीम कोर्ट का दर– वाजा खटखटाये। वही दलित–वंचित समुदाय के आरक्षण में हुए विस्तार की रक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए। मौके पर माले नेता वकील कुमार यादव, युवा नेता सागर कुमार शर्मा, विपिन कुमार, दिलखुश कुमार, सोनू कुमार, मंटू यादव, उदय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## सहरसा बुड्को द्वारा करोड़ों का लागत से नल जल योजना का सपना सर जमीन पर सकार नही हो रहा है



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** बताते चले की शहरी क्षेत्र में नल जल योजना का सर जमीन पर हाफ रहा है देख व रेख के अभाव में कहीं नल से पानी नहीं टपक रहा है कहीं आयरन मिल रहा है

कहीं नल के टोटिया ही गायब पड़ा है जिम्मेदार कौन अधिकारी या संवेदक समाहरणालय स्थित टोटियां से पानी नहीं टपका इसका क्या नाम देंगे ऐसे कहीं समस्या है जो क्षेत्र आम नागरिकों का शोभा का वस्तु दिखाई पड़ रहा है सर जमीन पर कल्याणकारी व विकास योजना दम तोड़ रहा है सूत्रों से खबर करोड़ों खर्च के बावजूद भी सर जमीन पर शत प्रतिशत जनता को लाभ नहीं मिल रहा है क्षेत्र में इस समस्या को प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए ताकि जनहित को आयरन वाला पानी नहीं मिले और जनहित में समस्या को निदान होना चाहिए आइए दिन कई समस्याओं से लेकर कई अधिकारियों के आवेदन दिया समस्या से संबंधित फिर समस्याए क्षेत्र में उलझा रहता है समस्या ढाक के तीन पात जिम्मेदार कौन?

## ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की सहभागिता से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वररिय विश्व विद्यालय के द्वारा शहर के सराही स्थित बांकेश्वर पब्लिक स्कूल में कार्यत्र्म आयोजित किया गया। इस मौके पर इस वर्ष की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय पर संबोधित करते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी बीके स्नेहा बहन ने कहा कि जहां आसन, प्राणायाम आदि शारीरिक क्रियाओं से शरीर को व्याधियों से मुक्त रखने में मदद मिलती है।

वहीं राजयोग के नियमित प्रयोग से हम अपने मन को निरोग रख सकते हैं और हमारे मन के विचारों का सीधा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात को स्वीकारा है। राजयोगी जीवनशैली हमारे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करती है। आज समाज को परस्पर स्नेह, सौहार्द्र, सम्मान और भाईचारे की जरूरत है। राजयोग का अभ्यास इन मूल्यों को हमारे जीवन में समाविष्ट कर स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका अदा करता है। विद्यालय के सचिव रवींद्र साह ने कहा कि यह आयोजन विद्यालय के इतिहास में एक अविस्मरणीय आयोजन है। उन्होंने आयोजन के लिए ईश्वरीय विश्व विद्यालय परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। बीके स्नेहा बहन ने सभी को राजयोग के द्वारा बहुत सुंदर अनुभूति कराई। डॉ संजय भाई ने योगाभ्यास कर– वाया। कार्यक्रम में विद्यालय की ट्रेजर गौरी साह, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, कर्मी सहित लगभग 100 की संख्या में विद्यार्थी और ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूनम बहन, अवधेश भाई, राकेश भाई आदि मौजूद रहे।

## सशस्त्र सीमा बल और मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया के संयुक्त तत्वाधान में संचालित हुआ योग कार्यक्रम

लोक तंत्र की आवाज़



**अररिया।** भारत सरकार के तत्वधान व महेंद्र प्रताप, कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया की निर्देशन में समस्त बाहरी सीमा चौकियों समेत एसएसबी मुख्यालय अररिया, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया, सुंदरी मठ आदि प्रमुख स्थानों पर 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर योग कार्यक्रम संचालित किया गया।

इसी के क्रम में, सशस्त्र सीमा बल और मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया द्वारा संयुक्त तत्वाधान में संचालित योग कार्यत्र्म में सर्वप्रथम कमांडेंट महोदय गौतम साह, उप मुख्य पार्षद अररिया, संजय प्रधान, निदेशक, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल, राजेश रंजन, प्रधानाचार्या मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया तथा स्कूलीय बच्चों, शिक्षकों व जवानों के साथ मिलकर अररिया स्थित मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के परिसर में योग कार्यत्र्म में भाग लिया।

वही इस संबंध में महोदय ने बताया कि स्वस्थ्य और स्वच्छ शरीर में ही आत्मा का वास होता है इसलिए हम लोगों को अपने कार्यों से समय निकालकर अपने स्वास्थ्य हेतु कम से कम एक घंटा अवश्य योग करना चाहिए, ताकि अपने जीवन में दवाइयों का उपयोग करने से बचा जा सकें साथ ही, उन्होंने कहा की योग करने के अनेक फायदे हैं जैसे कि योग युगो युगो से चलता आ रहा है जहाँ जिम आदि से शरीर के किसी खास अंग का ही व्यायाम होता है वहीं योग से शरीर के समस्त अंग प्रत्यंगों, ग्रंथियों का व्यायाम होता है जिससे अंग प्रत्यंग सुचारू रूप से कार्य करने लगते हैं। प्रतिदिन योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति बढती है त्वचा पर चमक आती है शरीर स्वस्थ, निरोग और बलवान बनता है। इसलिए आप सभी लोगों से अनुरोध है कि योग को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा अपनाएं। इस कार्यक्रम में अनिल कुमार पठानिया (द्वितीय कमान अधिकारी), उदय कुमार (उप कमांडेंट), योग प्रशिक्षक मुख्य आरक्षी धर्मेंद्र कुमार भट्ट और आरक्षी संतोष इनागी सहित तमाम बल कर्मी मौजूद रहे। इसी के क्रम में, पी एन सिंह, उप कमांडेंट ने जवानों व स्थानीय जनता के साथ डुमरिया स्थित सुंदरी मठ में योग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ ही, बाहरी सीमा चौकियों के अंतर्गत आनेवाले स्कूलो एवं प्रतिष्ठित स्थानों पर भी योग कार्यक्रम संचालित किया गया।

## अररिया सदर अस्पताल में सीटी स्कैन सेंटर से अब तक लाभान्वित हो चुके हैं 30 हजार से अधिक लोग:राजीव रंजन

लोक तंत्र की आवाज़



- कम कीमत पर आम लोगों को उपलब्ध हो पा रहा है सदर अस्पताल में बेहतर सीटी स्कैन की सुविधा

**अररिया।** सदर अस्पताल में संचालित सीटी स्कैन की सुविधा लोगों के लिये बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। सेंटर का संचालन शुरू होने के बाद से गंभीर रूप से दुर्घटना के शिकार मरीजों को सीटी स्कैन के लिये कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं होती। इससे पूर्व मरीजों को नेपाल सहित अन्य पड़ोसी जिले में जांच के लिये जाना पड़ता था। समय पर जांच के अभाव में कई मरीजों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती थी। अस्पताल में बीते तीन साल से संचालित सीटी स्कैन सेंटर के माध्यम से अब तक करीब 30 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। सेंटर के माध्यम से औसतन हर दिन 30 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा रहा है। किसी प्राइवेट नर्सिंग होम की तुलना में लोगों को ये सुविधा काफी कीमत पर उपलब्ध हो रहा है। जो गरीब व निर्धन परिवार के लोगों के लिये मददगार साबित हो रहा है।

सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आकाश राज ने बताया कि पूर्व में सीटी स्कैन के लिये मरीजों को बड़े नर्सिंग होम रेफर करने की मजबूरी थी। केंद्र का संचालन शुरू होने के बाद लोगों को इससे निजात मिला है। केंद्र के माध्यम से 100 से अधिक प्रकार के रोगों की समुचित जांच के लिये सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिये मरीजों को निर्धारित शुल्क अदा करना पड़ता है। जो किसी प्राइवेट हॉस्पिटल की जुलना में 50 फीसदी से भी कम है। अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि जांच के लिये बाहर जाने पर मरीजों को काफी पैसा व समय खर्च होता था। सदर अस्पताल में ये सुविधा उपलब्ध होने के बाद मरीजों को अब जांच के लिए कहीं बाहर नहीं जाना होता। सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के साथ कहीं अन्यत्र इलाज कराने वाले मरीजों को भी समान कीमत पर सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है।

**महज दो घंटें में उपलब्ध हो जाता है रिपोर्ट :** सीटी स्कैन सेंटर के प्रबंधक राजीव रंजन ने बताया कि सेंटर के माध्यम से हर दिन करीब 30 मरीजों की जांच हो रही है। ये सुविधा लोगों को काफी कम कीमत पर उपलब्ध हो रही है। सेंटर मेन कंट्रास्ट व थ्री डी सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। ब्रेन के सीटी स्कैन के लिये जहां 750 रुपये का शुल्क निर्धारित है। वहीं एचआरसीटी जांच के लिये 1500 रुपये का शुल्क निर्धारित है। जो बाहर किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल की तुलना में काफी कम है। मरीजों को महज दो घंटें के अंदर सीटी स्कैन का रिजल्ट उपलब्ध करा दिया जाता है।

## सहरसा: दो दिवसीय बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी जिला शाखा सम्मेलन का आयोजन आज

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** दो दिवसीय बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी जिला शाखा सम्मेलन का आयोजन प्रेक्षागृह में शनिवार 22 जून से शुरू होगा। जानकारी देते शाखा सचिव राजेश यादुका ने बताया कि 22 जून को संपूर्ण बिहार के मारवाड़ी समाज के 125 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का अपराह्न प्रतिभा सम्मान समारोह होगा।

जबकि संध्या में प्रादेशिक कार्यकारणी की बैठक एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। वहीं दूसरे दिन 23 जून रविवार को मारवाड़ी समाज के 85 बुजुर्ग अभिभावक एवं माताओं के सम्मान के साथ आमसभा आयोजित होगी। कार्यत्र्म में बीएनएमयू के कुलपति प्रो डॉ विमलेंदु शेखर झा, बिहार सरकार के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर एनके अग्रवाल, बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल, प्रांत के वरीय उपाध्यक्ष अमर दहलान, प्रांतीय महामंत्री, प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे।

वही प्रतिभा सम्मान संयोजक आशीष आदर्श के अलावे पूरे बिहार के विभिन्न शाखों से सैकड़ो प्रतिनिधि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रयागराज उत्तर प्रदेश से अखिलेश द्विवेदी, दौसा राजस्थान से सपना चौधरी, बाराबंकी उत्तर प्रदेश से विकास बौखल, दिल्ली से सूरज मणि भाग लेंगे. कार्यत्र्म प्रेक्षागृह में शनिवार को छह बजे संध्या शुरू होगी।

## बिहार के सभी जिलों में कैंप लगाकर भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन करवाया जायेगा उपलब्ध : डॉ दिलीप कुमार जायसवाल

### अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार को नही किया जायेगा बर्दास्त

लोक तंत्र की आवाज




**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**किशनगंज।** सूबे के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने किशनगंज में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा की जल्द ही बिहार के सभी जिलों में कैंप लगाकर जितने भी भूमि हीन है उन्हें बासगीत पर्चा वितरित किया जाएगा ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो तीन करोड आवास बनाने की घोषणा की है उसका लाभ बिहार के गरीब नागरिकों को भी मिले।

उन्होंने कहा की कोरोना के बाद से यह कार्य सुस्त पड़ा हुआ था लेकिन अब बिहार के लगभग 29 से 30 लाख भूमि हीन परिवारों को जल्द ही जमीन का पर्चा प्रदान कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा की अंचल कार्यालयों से काफी शिकायत आ रही थी जिसके बाद तीन दर्जन से अधिक अधिकारियो पर कारवाई का निर्देश दिया गया है और दोषी पाए जाने पर उन्हें कड़ी सजा मिलेगी। डॉ जायसवाल ने कहा की अंचल कार्यालयों में अगर सुधार नहीं होता तो अधिकारी कारवाई के लिए तैयार रहे। डॉ जायसवाल ने कहा की भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दास्त नही किया जायेगा।

## अररिया के बाद अब सिवान में पुल गिरा धड़ाम

लोक तंत्र की आवाज़




- महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक पर बना 30 मीटर लंबा पुल गिरने से आवाजाही हो गई प्रभावित

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**सिवान।** अररिया के सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर पड़रिया घाट पर बना पुल ध्वस्त का मामला अभी फरियाया हीं नहीं कि अब सिवान में में भी धड़ाम से पुल गिर जाने की सूचना मिली है जानकारी के अनुसार बिहार में पुल गिरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. इस बार सिवान में गंडक नहर पर 30 फीट लंबा ब्रिज गिर गया है. घटना जिले के महाराजगंज अनुमंडल में शनिवार की सुबह 5 बजे के आसपास की है. पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल बना हुआ है. पुल का एक पिलर धंस गया जिस कारण पुल ध्वस्त हो गया।

**गंडक नदी पर ढह गया 30 फीट लंबा ब्रिज:** पुल जिस समय ध्वस्त हुआ, उस वक्त काफी आवाज हुई. भरभराते हुए पुल नहर में समा गया. पुल गिरने की आवास से कुछ देर लोग सहम गए. हालांकि इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है. पुल गिरने का वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि किस तरह पुल देखते देखते नहर में समाहित हो गया.

गांव वालों का कहना रहा कि नहर की सफाई कराई गई थी. इस दौरान नहर में से मिट्टी निकालकर बांध में डाला गया था. इससे पुल कमजोर पड़ गया था और यह हादसा हुई। इस घटना से एक बार फिर सरकारी काम को लेकर सवाल उठने लगा है. आखिर में बिहार में इतने पुल क्यों गिर रहे हैं?

## संक्षिप्त खबरें ।

### आईपीएस अफसर को दी गई न्याय संहिता की जानकारी



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। भारतीय दंड संहिता( आईपीसी) भारत गणराज्य में आधिकारिक आपराधिक संहिता थी ,जो आजादी के बाद ब्रिटिश भारत से विरासत में मिली थी। जब तक की दिसंबर 2023 में इसे भारतीय न्याय संहिता द्वारा प्रति स्थापित नहीं किया गया यह एक व्यापक संहिता थी। जिसका उद्देश्य आपराधिक के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को नियंत्रित करना था ।भारतीय न्याय संहिता बी एन एस भारत का आधिकारिक आपराधिक संहिता है। ब्रिटिश भारत के समय से चली आ रही भारतीय दंड संहिता आईपीसी को हटाकर बी एन एस को दिसंबर 2023 में पेश किया गया था 1 जुलाई 2024 से आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी

### उपयुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं राज्य पेंशन योजना समेत विभिन्न विषयों की समीक्षा बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। उपयुक्त गिरिडीह श्री नमन प्रियेस लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार कक्ष में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित राष्ट्रीय एवं राज्य पेंशन योजना समेत विभिन्न विषयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा नकली फेक /घोस्ट/ पेंशन धारी को पोर्टल से हटकर प्रमाण पत्र, मृत पेंशनधारियों की राशि वसूली सर्वजन पेंशन योजना के तहत नए लभुको एनएसपी पोर्टल पर एंट्री करने वार्षिक भौतिक सत्यापन, मृत पेंशन धारी का मृत्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बारी–बारी से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपयुक्त ने निर्देशित किया कि योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करें। लंबित पेंशन भुगतान को लेकर उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि लाभुकों को लंबित पेंशन राशि का शीघ्र भुगतान करें। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी ,गिरिडीह जिला, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिडीह जिला, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समिति और भी अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह हम सबों को अच्छी तरह से ज्ञात है कि पेंशन योजना से लोगों को निवेश करने और अपनी बचत संचित करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है। बाबजूद इसके पूर्ण जानकारी के अभाव में कुछ लोग सही तरीके से इन सारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं।

### ग्रीन मैन मदन मोहन सोरेन हुए सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता रवि प्रकाश सिंह
घाटशिला। जोड़िसा पंचायत के अंतर्गत पिंड्राबाद गाँव लेदासाल पहाड़ पूजा में सामाजिक कार्यकर्ता सह ग्रीन मेन मदन मोहन सोरेन शामिल हुए।पिंड्राबाद के माझी बाबा लक्ष्मण मुर्मू ने स्वागत किया।लेदासाल पूजा स्थान में देवी देवता को नमन किया। उन्होंने लेदासाल माँ से विनती किया कि क्षेत्र में सुख–शांति का वातावरण बना रहे, समय पर बारिश का आगमन हो, ग्रामीणों को दु:ख विपत्ति से दूर रखे, महामारी और विभिन्न तरह से प्रकोप से मुक्ति दे। पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए ग्रामीणों को शक्ति मिले। उन्होंने कहा कि झारखंडी समुदाय का जंगल के साथ अटूट रिस्ता है सृष्टि के शुरुआत से एक दूसरे निभाते हुए आ रहे हैं और आगे भी या रिश्ता हमेशा एक दूसरे के पूरक बना रहेगा। अंत में प्रसाद भी ग्रहण किया प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आयोजकों को आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर नायके बाबा मुसला सबर, पिंड्राबाद माझी बाबा लक्ष्मण मुर्मू, तूफान हेम्ब्रम,रसराज बेसरा, गोड़ेत संजय मांडी, कान्हू सोरेन, रघुनाथ मुर्मू,गुनाधर टुडू आदि उपस्थित थे।

### गिरिडीह में मारवाड़ी सम्मेलन तथा मारवाड़ी युवा मंच ने रक्तदान किया



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। मारवाड़ी सम्मेलन तथा मारवाड़ी युवा मंच ने गिरिडीह विश्वनाथ नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया रक्तदान शिविर की शुरुआत सी ए संजय शर्मा राकेश मोदी तथा अन्य पदाधिकारी ने रक्तदान कर की। मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष रहे श्री बांके बिहारी ने अपने शादी के 21 वें सालगिरह के अवसर पर अपने पूरे परिवार के साथ रक्तदान किया।

### हंटरगंज : राज्य के मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता आज एक दिवसीय दौरे पर पहुँचे

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( चतरा)। राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता जी अपने चतरा प्रवास के दौरान एक दिवसीय दौरे आज हंटरगंज पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री भोगता जी के कार्यक्रम में आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उराँव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी वितरण योजना समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम के मौके पर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, जिला मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, प्रखंड मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, प्रमुख ममता कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# उपायुक्त देवघर सह अध्यक्ष (रेड़क्रॉस) की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ईकाई के सत्र 2021–24 के आम सभा का हुआ आयोजन





लोक तंत्र की आवाज़

देवघर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर इकाई के त्रिवार्षिक आमसभा सत्र 2021–24 का आयोजन शनिवार को शिल्पग्राम ऑडिटोरियम, नंदन पहाड़ देवघर में आयोजित किया गया । इस आम सभा की अध्यक्षता भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, देवघर इकाई के अध्यक्ष सह उपायुक्त देवघर विशाल सागर ने की।भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।बतौर विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के प्राचार्य आदरणीय स्वामी दिव्यसुधानंद महाराज, एसडीपीओ देवघर रित्विक श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित थे।

बतौर आमंत्रित सदस्य दिगंबर न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, संथाल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आलोक मल्लिक, सचिव रितेश टिबरेवाल, देवघर चैंबर के अध्यक्ष रवि केशरी,टेक्सटाइल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज पंडित,लायंस क्लब देवघर के अध्यक्ष आलोक मिश्रा आदि के साथ साथ देवघर के सभी समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण इस सभागार में उपस्थित थे।भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी देवघर इकाई के संरक्षक, सह संरक्षक सदस्य, कार्यकारिणी सदस्य व आजीवान सदस्य गण इसमें मौजूद थे।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से शुरू हुई।तत्पश्चात मंचासीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, चेयरमैन,अति विशिष्ट अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह व रेडक्रॉस स्टॉल भेंट करके उनका स्वागत अभिवादन रेडक्रॉस कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया।अतिथि सम्मान के उपरांत कार्यक्रम शंख वादन के साथ संपन्न किया गया। स्मारिका का विमोचन मंचासीन अतिथिगणों की उपस्थिति में कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा संपादित किया गया।तत्पश्चात आम सभा के सत्र के औपचारिक शुरुआत अध्यक्ष महोदय के अनुमति प्राप्त करते हुए की गई।

## बलिदान दिवस के रूप में आजसू पार्टी ने वृक्षारोपण कर स्थापना दिवस मनाया :प्रणव साह



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहड़वा कोटालपोखर। आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति का आदेशानुसार आज दिनांक–22/06/24 को आजसू का स्थापना एवं बलिदान दिवस के रूप में आजसू प्रखंड सचिव के नेतृत्व में कोटालपोखर पंचायत में मनाया गया।

आजसू प्रखंड सचिव प्रणव कुमार साह उर्फ विक्की ने इस दौरान आजसू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी युवा कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। युवाओं की भूमिका इस विधानसभा में बहुत महत्पूर्ण रहने वाली है तत्कालीन मौजूदा सरकार इन साढ़े चार साल सिर्फ उनके भविष्य के साथ खेलवाड़ किया है, युवाओं को बस अपने झूठे वादों पर उलझाने का काम किया है जनता के बीच मौजूदा सरकार की एक एक भ्रमित नीति को रखने का काम करेंगे। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय कोटालपोखर के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। सभी ग्रामवासियों से अनुरोध भी किए है कि वृक्ष निरंतर लगाते रहे , ताकि पर्यावरण को बचाए सके।

आजसू पार्टी का संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरा करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में बहुत कुछ खोया है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक–एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे बरहरवा प्रखंड के हर गांव, पंचायत पहुंचे। मौके पर , प्रखंड कार्यसमिति सदस्य देबू रजवार, पंचायत सचिव सुनील गुप्ता,युवा अध्यक्ष सुभम कुमार, ,सुमित गुप्ता, अमन कुमार,गौरव राउत, प्रीतम साह और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे

## पलामू:पांकी के गरिहारा गांव में एक कुएं में गिरने से हिरण की हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज



- भीषण गर्मी में पानी की तलाश में भटक रहे पशु-पक्षी

संवाददाता अरविन्द अग्रवाल
छत्तरपुर पलामू। जिले के पांकी थाना क्षेत्र के गरिहारा गांव स्थित केवाल टोला के कुएं में गिरकर हिरण घायल हो गया. ग्रामीणों की मदद से वनकर्मियों ने हिरण को बाहर निकाला. लेकिन शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गयी. वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा है.

ज्ञातब हो कि देश में भीषण गर्मी और हीट वेब प्रकोप जारी है. झारखंड वासियों का भी गर्मी से हाल बेहाल है. लू लगने से अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं हीट वेब की वजह से पशु–पक्षियों का भी हाल बेहाल देखा गया है. इस भीषण गर्मी में पानी की तलाश में वो इधर–उधर भटक रहे हैं. कुएं या तलाब में पानी पीने के दौरान डूबकर उनकी मौत भी हो जा रही है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पलामू जिले के पांकी मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर सोरठ जंगल के पास भी कुएं से 30 बंदरों का शव मिला था. शव को देखकर आशंका जतायी गयी थी कि बंदर पानी की तलाश में कुएं में कूदे होंगे. लेकिन वो बाहर नहीं निकल पाये और पानी में डूबकर सभी की मौत हो गयी.

## फिर मिला नोटों का पहाड़, जमीन कारोबारी निकला धन कुबेर, अब तक एक करोड़ कैश और मिले 100 जिंदा कारतूस

लोक तंत्र की आवाज़



झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी की रिपोर्ट
रांची। झारखंड में एक बार फिर से ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है. इन दिनों प्राकृतिक संपदा वाले इस राज्य की चर्चा भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर देशभर में हो रही है. ईडी की कार्रवाई में अब तक बड़ी संख्या में बड़े नेता और व्यवसाइयों के यहां से नोटों का पहाड़ बरामद किया जा चुका है. शुक्रवार को जमीन घोटाला मामले को लेकर ईडी की टीम ने रांची में शहर के चर्चित जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के कई ठिकानों पर छापेमारी की. इस छापामेरी में ईडी के हाथ एक करोड़ रुपये और 100 जिंदा कारतूस लगे।

कमलेश कुमार की बात करें तो जमीन का कारोबार करने से पहले वह पत्रकारिता किया करता था. रांची के ही एक स्थानीय अखबार में वह फोटोग्राफर (पत्रकार) का काम करता था. इस दौरान कमलेश कुछ अधिकारी और नेताओं के संर्पक में आया और फिर जॉब छोड़कर जमीन का कारोबार करने लगा. कमलेश का नाम कई विवादित जमीनों से जुड़ चुका है. 2021 में जमीन मामले में कमलेश को जेल भी भेजा जा चुका है. जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के दौरान ईडी को कमलेश से जुड़े कई अहम सबूत मिले, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए। अधिकारियोंने बताया कि कांके रोड स्थित एक परिसर में छापेमारी कर शुक्रवार शाम ये जब्ती की गईंट उन्होंने बताया कि परिसर के मालिक की पहचान कमलेश सिंह नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार, छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है. मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है. झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था। बता दें कमलेश कुमार जमीन कारोबारी है और उसके हाल ही में गिरफ्तार हुए कारोबारी शेखर कुशवाहा से अच्छे संबंध हैं. कमलेश पहले एक मामूली फोटोग्राफर हुआ करता था, लेकिन जमीन मामलों में वो ऐसा रमा, कि देखते ही देखते अरबपति बन गया।.

## पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भाजपा का विशाल धरना प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता अरविन्द अग्रवाल
छत्तरपुर पलामू । जिले में भाजपा का विशाल धरना प्रदर्शन जिसको लेकर भाजपाइयों ने वर्तमान सरकार में चल रहे अनियम्मिता को लेकर विभिन्न मुद्दा उठाया और धरना प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराया है। जिसमे विकराल बिजली, पानी, बालू, खाद बीज, और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर आक्रोश रैली का आयोजन भारतीय जनता पार्टी पलामू के तत्वाधान में किया गया।

रेड़मा काली मंदिर के सामने माइनर इरिगेशन ऑफिस के मैदान से रैली शुरू हुई और समाहरणालय तक गई। इस आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से सांसद चतरा सह प्रदेश उपाध्यक्ष काली चरण सिंह,प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक डाल्टनगंज आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर विधायक श्रीमती पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने क्षेत्र के जनता से अपील करते हुए कहा की अब वो समय आ गया है की झारखंड की निकम्मी सरकार को उखाड़ कर फेक दिया जाए ताकि त्रस्त जनता को राहत मिल सके।

## संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में अंतर सदन समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता रवि प्रकाश सिंह
घाटशिला। संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में दिनांक 22जुन शुक्रवार को अंतर सदन समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था 'इस प्रतियोगिता में सर्वप्रथम कक्षा छठवीं से आठवीं तक के चारों सदनों( नंद, आनंद, दयानंद और सदानंद) के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक सदन के 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का थीम देश भक्ति गीतों पर आधारित था।

विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम गोपाल चोमाल ने सभी प्रतिभागियों को उनकी देश भक्ति पूर्ण मनमोहक प्रस्तुति के लिए ढ़ेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इन गीतों ने पूरे वातावरण को देश भक्ति के भाव से भर दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में नीलिमा सरकार, सोमनाथ दे एवं एस. एन मुख़र्जी शामिल थे। नीलिमा सरकार ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार ने प्रतिभागियों की अद्भुत प्रतिभा की सराहना की। इस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा रीमा पॉल द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दयानंद द्वितीय नंद तृतीय सदानंद व चतुर्थ स्थान आनंद सदन ने प्राप्त किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सह –शैक्षणिक प्रभारी सास्वती राय ने अहम भूमिका निभाई।

## पलामू: उपायुक्त के निर्देश पर सिविल सर्जन के नेतृत्व में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हो रहा देखरेख

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता अरविन्द अग्रवाल
छत्तरपुर पलामू, मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त की बैठक में सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन दोनों काफी असुविधा देखने को मिल रही है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि प्रतिदिन अस्पताल जाकर अस्पताल में हो रहे असुविधा को दुरुस्त करवाए। उनके निर्देश का पालन करते हुए पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह प्रतिदिन सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में अस्पताल में हो रहे असुविधा को दुरुस्त करवाने में जुट गए हैं।

वही शनिवार को अस्पताल में बालाजी सफाई कर्मियों ने सिविल सर्जन से मिलकर कहा की हम सफाई कर्मियों को बालाजी कंपनी के द्वारा काफी कम पैसा 6 हजार महीना दिया जा रहा है। वह भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। 2 महीना 3 महीना पर वेतन दिया जा रहा है।जिसके वजह से परिवार को चलाना काफी मुश्किल हो गया है। उनके बातों को सुनकर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वह उनके बातों को उपायुक्त के पास रखेंगे। जल्द ही सफाई कर्मियों की समस्या का समाधान किया जाएगा। बताते चले की आजकल मजदूर का भी वेतन 200 रुपया नही है।दिहाड़ी मजदूर को भी काम करने पर प्रतिदिन 450 रुपया प्रतिदिन मिलता है।वही सदर अस्पताल के सफाई कर्मी अस्पताल में अपने मेहनत से दिन रात सफाई करते हैं। उसके बाद भी उन्हें बालाजी कंपनी के द्वारा ठगने का काम किया जा रहा है। प्रतिदिन के हिसाब से इन्हें 200 रुपया दिया जा रहा है। बालाजी कंपनी इन सफाई कर्मियों को आज से नहीं करीब कई वर्षों से ठगने का काम कर रही है।वही बालाजी कंपनी में कार्यरत कर्मियों द्वारा पैसा काम मिलने की जानकारी श्रम विभाग के पदाधिकारीयो को भी दी गई हैं। परंतु ऐसा लगता है कि बालाजी कंपनी का श्रम विभाग के पदाधिकारीयो से सेटिंग है।जिसके कारण श्रम विभाग के पदाधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का आगमन रविवार को





लोकतंत्र की आवाज

- लगभग 100 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व परीसंपत्ति वितरण करेंगे

संवाददाता रवि प्रकाश सिंह
घाटशिला। झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार को घाटशिला पहुंचेंगे यहां तीन स्थानों पर उनका कार्यक्रम है सबसे पहले मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर घाटशिला के प्रमुख पर्यटन स्थल बुरुडीह पहुंचेगा घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने 72 करोड़ की योजनाओं का प्रस्ताव दिया है जिस पर मोहर लगाने से पहले मुख्यमंत्री चंपई सोरेन निरीक्षण करेंगे इस दौरान उनके साथ वन विभाग के साथ–साथ कई बड़े विभागों के प्रमुख उपस्थित रहेंगे

मुख्यमंत्री का स्वागत घाटशिला की प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू के नेतृत्व में होगा मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शनिवार को घाटशिला प्रखंड कमेटी की एक बैठक हुई जिसमें विधायक रामदास सोरेन स्वयं उपस्थित थे उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री की सभा में उपस्थित रहने को कहा मुख्यमंत्री की सभा ताम्र प्रतिमा मैदान में संपन्न होगी जहां मुख्यमंत्री 100 करोड रुपए की योजनाओं व परीसंपत्ति का वितरण करेंगे यहां से मुख्यमंत्री का काफिला दोपहर 3 बजे माझी परगना महाल के समापन समारोह में पहुंचेगी यहां भी 5000 से ज्यादा प्रतिनिधि बिहार बंगाल झारखंड उड़ीसा से मौजूद रहेंगे इसकी जानकारी पंचानन सोरेन ने दी है उधर मुख्यमंत्री की सभा को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता काफी उत्साहित है शनिवार के हुई बैठक में काजल डॉन जगदीश भगत कान्हू सामंत काली पदो गोराई सुमित्रा सोरेन गौरांग मोहाली सुखलाल सोरेन के साथ–साथ काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### राजस्व–पुलिस की टीम मिलकर सही व्यक्ति को दिलाएं न्याय :डीएम

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी,
बलिया । जिलाधिकारी रवींद्र कुमार शनिवार को पुलिस अधीक्षक देवरंजन वर्मा के साथ थाना कोतवाली बलिया व बांसडीह और रेवती थाने पर पहुंचे। उन्होंने



थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। पिछले समाधान दिवसों में शिकायतों के निस्तारण की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों के शिकायतों का समाधान त्वरित व समयान्तर्गत हो। कहा कि राजस्व व पुलिस की टीम मौका मुआयना करके हर सही व्यक्ति को न्याय दिलाएं ।बता दे कि प्रत्येक थानों में हल्कवार टेबल लगाकर लोगों की शिकायतों को सुना जा रहा है और राजस्व एवम् पुलिस विभाग की टीम द्वारा उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने किया झारखंड पीपल पार्टी का पुनर्गठन.सभी 81 सीटों पर जेपीपी लड़ेगी चुनाव.

लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिंह,
घाटशिला। घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा एक लंबे समय बाद मीडिया से मुखातिब हुए अवसर से झारखंड पीपुल्स पार्टी के पुनर्गठन का और साथ ही आजसू



की स्थापना दिवस मनाया कहा कि उन्होंने आजसू का गठन आज से 38 वर्ष पहले किया था लेकिन धोखे से सुदेश महतो ने आजसू पार्टी का गठन कर उसे मान्यता दिला दिया इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में रीत याचिका दायर करेंगे उन्होंने कहा कि झारखंड के पार्टी आगम में विधानसभा चुनाव में प्रदेश के सभी 81सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी उन्होंने झारखंड पीपुल्स पार्टी के जिला अध्यक्ष व महासचिव की भी घोषणा की साथ ही महिला मोर्चा के अध्यक्ष की भी घोषणा कर दी इस मौके पर उन्होंने विस्तार से कई मुद्दों पर प्रकाश डाला

### जुनबोनी पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच

लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिं,
घाटशिला। जिला परिषद सदस्य हेमन्त मुंडा द्वारा किया गया, नेत्र जांच में आए संजीवनी नेत्रालय से चिकित्सक विवेक कुमार एव उनके टीम



के सहयोग से 26 लोगो का नेत्र जांच किए गए, जांच में चयनित 04। मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन निशुल्क संजीवनी नेत्रालय जमशेदपुर में किया जायेगा, न्यूट्रिशन हेल्थ काउंसलिंग जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने क्वांटम मैग्नेटिक एंलाइजर एव दीपा कौर ने बीएमआई अत्याधुनिक तकनीक मशीन द्वारा 43 लोगों को शारीरिक स्वस्थ जॉच कर आयुर्वेदिक औषधि एव घरेलू उपचार द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने की सलाह दी, जॉच में जोड़ो के दर्द, एसिडिटी की समस्या, नींद का ना आना, स्किन की समस्या, कमज़ोरी लगाना, महिला संबंधित समस्या से काफी लोग परेशान थे, साथ में ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जॉच भी निशुल्क किए गए, साथ ही सभी को जॉच रिपोर्ट भी निशुल्क दी गई, जिला परिषद हेमंत मुंडा जी द्वारा यह 7 कैम्प हो चुका है कल रविवार को कनाश गांव के पंचायत भवन में निशुल्क स्वस्थ जॉच शिविर कैंप किए जायेगे, जिला परिषद हेमंत मुंडा एव गांव के मुखिया आरसू मुनी टुडू के साथ कई ग्रामीण उपस्थिति रहे और निशुल्क स्वस्थ शिविर का लाभ प्राप्त कर खुश हुए,

### पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, स्विफ्ट डिजायर कार को लूट फरार हो गया था

लोकतांत्रि की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर थाने की पुलिस ने एक शातिर कार चोर को छापेमारी कर उत्तरप्रदेश के कुशीनगर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित सज्जाद हुसैन यूपी के कुशीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि पिछले साल 01 जुलाई 2023 को आरा मोहनियां नेशनल हाइवे पर जगदीशपुर थानाक्षेत्र के दुल्हिनगंज व इसाढ़ी बाजार के बीच चालक को धोखे से नशा खिलाकर उक्त शातिर चोर ने स्विफ्ट डिजायर कार को लूट फरार हो गया था। तब पीड़ित ड्राइवर के बयान पर जगदीशपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष बिगाऊराम ने बताया कि आरोपित को यूपी से गिरफ्तार कर जगदीशपुर थाना लाकर यहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया कि उक्त आरोपित पूर्व से भी यूपी में कार लूटने के मामले में जेल जा चुका है।

### जमीनी विवाद में गलत मैसेज हुआ वायरल

लोक तंत्र की आवाज़
हिसुआ (नवादा)। जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम एक युवक ने सेक्स रैकेट चलाने का अफवाह सोसल मिडिया पर वायरल कर दिया गया। जिससे पूरे हिसुआ सहित जिला में सनसनी फैल गया। सूचना मिलते हीं हिसुआ पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस रिलीज कर बताया कि हिसुआ बाजार निवासी सुनील साव एवं सुरज कुमार के बीच कई बर्षो से जमीनी विवाद चल रहा है। जिसका काण्ड संख्या 283/24 एवं 288/24 है। इसी विवाद में नोटिस तामिला को लेकर शुक्रबार की शाम पुलिस सुनील साव के घर पर गई थी। जहाँ सुनील साव मौजूद नहीं था,लेकिन उस मकान में किराएदार मौजूद था। किराएदार को पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया था। इसी खबर को सुरज कुमार सेक्स स्कैंडल का मामला बताकर सोसल मिडिया पर गलत मैसेज वायरल कर दिया है। जिसकी जाँच की जा रही है। जांचोपरान्त दोषी पाए जाने पर सुरज कुमार के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक का आयोजन





**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य संबंधी बैठक आयोजित की गई । बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चार राज्यों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू एंड कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के मध्येनजर फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में 25.06.2024 से 24.07.2024 तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सत्यापन किया जाएगा यथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण का सूचीबद्ध करते हुए फार्म का इंद्राज मोबाइल ऐप से किया जाना है। घर–घर सत्यापन कार्य के दौरान दिनांक 01.07.2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में सम्मिलित करना एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताओं का फॉर्म –7 भरना आदि कार्य किया जाना है।

1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र एवं कुछ ऐसे मतदान केंद्र हैं जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर अवस्थित है , वैसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर मतदान केन्द्रो का Rationalization यथा एक भवन में दो मतदान केंद्र अवस्थित है और दूसरे मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1400 से कम है तो उसमें समाहित किया जा सकेगा। मतदान केंद्र भवन में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है अथवा भवन जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन कर स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में विसंगतियों यथा ब्लैक एंड व्हाइट इमेज, स्पेलिंग मिस्टेक संबंधी का नाम गलत होना, पुरुष मतदाता के फोटो की जगह महिला का फोटो अथवा महिला के जगह पुरुष का फोटो होना ,एक ही परिवार का अलग–अलग जगह नाम होना इत्यादि को दूर करने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म 8 शुद्ध– शुद्ध भरवा कर उनसे हस्ताक्षर लेते हुए बीएलओ ऐप द्वारा अपलोड किया जाना है।उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में व्याप्त ब्लैक एंड व्हाइट इमेज को बीएलओ द्वारा चिन्हित कर मतदाताओं से कलर फोटोग्राफ प्राप्त कर बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाना है।

उन्होंने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इन सभी कार्यों को 25.06.2024 से 24.07.2024 तक पूर्ण किया जाना है। इस कार्य के लिए सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि वह प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए अपना–अपना अभिकर्ता नियुक्त कर उपरोक्त कार्यो में बीएलओ को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करेंगे तथा आप स्वयं एवं आपके प्रतिनिधि इस महान कार्य में अपना बहुमूल्य समय देकर त्रुटि रहित प्रभावशाली मतदाता सूची निर्माण में सहयोग करेंगे।बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू आदि उपस्थित थे।

**इन सभी कार्यों को 25.06.2024 से 24.07.2024 तक पूर्ण किया जाना है**

एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन —25 .07 .2024
दावा /आपत्ति दाखिल करने की अवधि— 25 .07 .2024 से 09 .08 .2024 तक
विशेष अभियान दिवस— 27 .07 .2024, 28 .07 .2024, 03 .08 .2024, 04 .08 .2024
दावा/ आपत्ति का निराकरण मतदाता सूची का सत्यापोरान्त डेटाबेस अधतन कर आयोग से अनुमति प्राप्त करना — 19 .08 .2024
मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन' 20 .08 .2024 है।

## कबीर जयंती: संत कबीर महान समाज सुधारक और युगावतार थे

**लोकतंत्र की आबाज**

**समस्तीपुर।** संत कबीर महान समाज सुधारक और युगावतार थे। कबीर का जीवन दर्शन, जहां विद्वानों के लिए बड़ा ही कठिन और दुरुह है, वहीं सामान्य जनों के लिए भी बड़ा ही सहज और सरल है। यह बातें कहि विक्रमपुर में आयोजित कबीर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने।

जयंती समारोह के आयोजक संयोजक सारंगपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया सुनील कुमार राय के संचालन एवं आचार्य कपिल देव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कपिल देव चौधरी ने स्पष्ट किया कि जब महात्मा कबीर कहते हैं कि कहत कबीर सुनो भाई साधो , यह पद है निर्वाणी। जो कोई इसका अर्थ लगावे, वही है पंडित ज्ञानी।वहीं संत कबीर जब कहते हैं कि जहां–जहां चलूं वही परिक्रमा,जो कुछ करूं सो पूजा। जब सोऊं तब वही दंडवत। और नहीं कुछ दूजा। तब परमात्मा प्राप्ति का यह सहज सरल मार्ग जन सामान्य के लिए भी ग्राह्य होकर कबीर को जन जन का प्रिय कंठहार बना देता है। अरुण सिंह मालपुरी ने कहा कि कबीर दास जी ने सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार कर, पाखंड हीन स्वस्थ समाज का निर्माण कर, युगावतार का काम किया था। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सुनील कुमार राय ने बताया कि संत कबीर के मार्ग पर चलने से ही मानव का सच्चा कल्याण संभव है। मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार झा, प्रखंड अध्यक्ष नारायण शर्मा, अर्जुन राय,कृष्ण कुमार झा, कन्हैया कुमार राय, डॉ राजन शर्मा, श्याम कुमार राय, हरिश्चंद्र राम सहित मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## नीट यूजी और यूजीसी नेट पेपर लीक पर एआईडीएसओ हुआ गोलबंद. जुलूस निकाल केंद्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने नीट यूजी और यूजीसी नेट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लाल बंगला से घाटशिला रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकाला जिसमे सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सुभाष चौक पर रैली सभा में तब्दील हुई।




सभा को संबोधित करते हुए एआईडीएसओ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अजय और अजीत ने कहा कि नौकरशाही संचालित एनटीए सर से पांव तक करप्शन में डूबी है। वह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। एक के बाद एक पेपर लीक और भ्रष्टाचार की घटनाएं लाखों परीक्षार्थियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। एनटीए और सरकार मामलें की निष्पक्ष और त्वरित जांच करके दोषियों को सजा देने की बजाए मामले को दबाने और लीपापोती करने में लगी है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कानून बनाना ही काफी नहीं बल्कि सही निगरानी तंत्र विकसित किया जाए, मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जाए, दोषियों को उदाहरण मूलक सजा दी जाए। शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जब भी आवाज उठती है तो हमारी सरकारें उधर उधर की बातें करके या कोई कानून बना करके इति श्री कर लेते है।

एआईडीएसओ के मेडिकल छात्र नेता सम्स मुसाफिर ने कहा कि लाखों अभ्यर्थी घर द्वार छोड़ करके बड़े शहरों की महंगी कोचिंगो में लाखों रुपए खर्च करके दिन रात पढ़ाई करके परीक्षा देते है। लेकिन चहेतों और पैसे देने वालों के चयन होते है। जिससे अभ्यर्थियों के सपने टूट जाते है।आईडीएसओ केंद्र सरकार से मांग करता है कि भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष और त्वरित न्यायिक जांच कराई जाए, दोषियों को उदाहरण मूलक सजा दी जाए, एनटीए को खत्म किया जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत स्टीफा दे। अंत में अक्छ्रड के झारखंड राज्य के सचिव कॉमरेड सोहन महोतो द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाया।

## नेत्र ज्योति सेवा मन्दिरम विरायतन के सौजन्य से एक दिवसीय नेत्र जाँच शिविर आयोजित

**लोक तंत्र की आवाज़**

**हिसुआ (नवादा)।** नेत्र ज्योति सेवा मन्दिरम विरायतन के सौजन्य से नरहट रोड के हिसुआ ऑर्थो क्लिनिक में शनिवार को शिविर आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के सैंकडों मरीजों ने उपस्थित होकर लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी संप्रज्ञा जी एवं डॉ0 रवि तथा उपस्थित मंचासीन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए माता जी के नाम से बिख्यात साध्वी संप्रज्ञा जी ने कहा कि मेरे संस्थान का काम हीं है मानव जाति का सेवा करना। मेरे संस्थान को जाति–धर्म से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉ0 रवि निवास इतने छोटे उम्र में गरीबों को निःस्वार्थ सेवा करने का ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। मुझे भी बिहार में कई जिलों का भ्रमण करने का मौका मिल चुका है। लेकिन ऐसा इंसान आज तक नहीं देखा। मैंने लोगों को दौलत के पीछे भागता देखा, लेकिन इन्हें गरीबों के निःस्वार्थ सेवा के पीछे भागते देखा। बतादें कि शिविर में आए मरीजों का नेत्र जाँच किया गया। जिन्हें केवल दवा की आवश्यकता थी उन्हें दवा दिया गया और जिन्हें ऑपरेशन की जरूरत हुई उन्हें 25 जून को विरायतन बुलाया गया है। जहाँ फ्री ऑपरेशन तथा दवा की व्यवस्था होगी। मरीजों को हिसुआ से ले जाने के लिए फ्री बस की सुविधा उपलब्ध है।

## कांग्रेस की एक बैठक पंचायत कमिटी का विस्तार तथा जन समस्या एवं समाधान को लेकर हुई

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** शनिवार दिन के 4 बजे साहेबगंज प्रखंड के छोटी कोदरजना गाँव में कॉंग्रेस की एक बैठक ,पंचायत कमिटी का विस्तार तथा जन समस्या और समाधान को लेकर हुई । बैठक की अध्यक्षता मो. निहाल ने किया , जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस के सचिव अनिल ओझा उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष मनोज ओझा शामिल हुए ।



बैठक में गाँव की जन समस्या वृद्धा पेंशन , विकलांग पेंशन, बिजली कनेक्शन, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहित अबुआ आवास से संबंधित जन समस्या सामने आई । जन समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया गया और संबंधित वरीय पदाधिकारी से बात कर आगे भी समाधान किया जायेगा । कॉंग्रेस संगठन का विस्तार भी किया गया । झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया ।

**● जन समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया गया**

बैठक में मुख्य रूप से फिरोज अख्तर जी, मुरारी ठाकुर सोनु ओझा निहाल हसनैन, दानिश अख्तर, सज्जाद, अहमद राजा, देव नारायण साह, मो. राहिल अख्तर, नवाज सैफ, मो. इस्लाम, सहवाज आलम, सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

# बच्चों में बचपन से ही कला और संस्कृति का संस्कार विकसित किया जाए

**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया द्वारा जिला प्रशासन बलिया के सहयोग से योग दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग 2024 के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि संकल्प संस्था का यह कार्य निश्चित रूप से सराहनीय है। बच्चों में बचपन से ही कला और संस्कृति का संस्कार विकसित किया जाए तो उनका व्यक्तित्व निखरता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी के निर्देशन में कला और संस्कृति के क्षेत्र में बलिया को एक नई पहचान मिल रहा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जनार्दन राय ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा देख कहीं से नहीं लग रहा कि यह मात्र 30 दिन का प्रशिक्षण है। बच्चे एक मंझे हुए कलाकार की तरह मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कैम्प के प्रशिक्षकों की प्रशंसा की, जिनकी वजह से बच्चे बेझिझक मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

संकल्प संस्था द्वारा आयोजित 30 दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने मंच से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अभिनय, नृत्य, गायन, कविता पाठ, क्राफ्ट मेकिंग का बेहतरीन प्रदर्शन बच्चों ने किया। नाटक मंगल पाण्डेय, जैसी आपकी मर्जी और ईदगाह के अलावा शास्त्रीय नृत्य, गोविंदा हिट्स, मेरा जूता है जापानी जैसे गानों पर नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। शंकर रावत जी




के निर्देशन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेरवां कला गड़वार के बच्चों का योग पर आधारित प्रस्तुति बेहतरीन रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी संस्कृति और प्रकृति को बचाने का संदेश दिया।

फिर कैम्प में 30 दिनों तक बच्चों को गायन आनन्द कुमार चौहान, नृत्य राहुल कुमार, अभिनय एवं क्राफ्ट कैम्प की संयोजक ट्विंकल गुप्ता ने सिखाया। सहयोगी के रूप में कृष्ण कुमार यादव मिट्ठू, जन्मेजय वर्मा, ऋषभ, सुशील केसरी, मौसम, रौशन, आदित्य, रामकुमार, खुशी, रिया वर्मा, भाग्यलक्ष्मी की महती भूमिका रही। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रशिक्षकों को पौधा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आशीष त्रिवेदी के निर्देशन में चल रहे कैम्प में श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। उमंग 2024 में पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. गणेश पाठक, कला प्रशिक्षक डॉ. इफ्तेखार खान, कवियत्री डॉ. कादम्बिनी सिंह, वन्दना गुप्ता, चन्द्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह, समाज सेवी उमेश सिंह, एडवोकेट रणजीत सिंह, लोक गीत गायक शैलेन्द्र मिश्र इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया।संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार यादव ने किया।

## विधानसभा उपचुनाव में ये 2 सीटें भाजपा से मांगेगी आरएलडी, त्रिलोक त्यागी ने दिया बड़ा हिंट

**लोक तंत्र की आवाज**

**रत्ना**
**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में रालोद दो सीटें भाजपा से मांगेगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने बताया कि मीरापुर सीट तो हमारी है ही जिसमें हम लड़ेंगे बाकी और सीट की भी मांग भाजपा से की जाएगी। मीरापुर सीट के विधायक चंदन चौहान अब बिजनौर से सांसद बन चुके हैं। इसका अलावा खैर विधानसभा सीट पर रालोद की निगाह है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। एनडीए में शामिल रालोद 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव में दो सीटें भाजपा से मांगेगा। इनमें मीरापुर सीट उसकी अपनी है जिसके विधायक चंदन चौहान अब बिजनौर से सांसद बन चुके हैं। पार्टी की निगाह खैर विधानसभा सीट पर भी लगी हुई है। इस सीट पर रालोद ने सपा के साथ गठबंधन में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, हालांकि यहां से भाजपा के अनूप प्रधान वाल्मीकि चुनाव जीते थे। वे भी अब हाथरस से सांसद बन चुके हैं।

प्रदेश में फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, कुंदरकी, करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी व सीसामऊ विधानसभा का उपचुनाव होना है। इनमें से नौ सीटों के विधायक अब सांसद चुन लिए गए हैं जबकि सीसामऊ विधानसभा की सीट सपा के इरफान सोलंकी को सजा होने के कारण रिक्त हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा का रालोद के साथ गठबंधन था।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।